




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 106 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 16 जनवरी 2025 डाक 17 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई में श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया



**देश-विदेश**
युद्ध पर लगा विराम, सीजफायर के लिए राजी हुए इजरायल और हमास, अब बंधकों को किया जाएगा रिहा



**फीचर**
सर्दियों में बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? रोजाना इतनी देर पहनने से खतरा




# सैफ अली खान पर हमला, अस्पताल में भर्ती, घर में घुसकर शख्स ने मारा चाकू

मुंबई, 16 जनवरी [एजेंसी]।

**सैफ अली खान के बांद्रा वाले घर में घुसे अज्ञात शख्स ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।बॉलीवुड अभिनेता सैफ अी खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबरों की मानें तो सैफ का ऑपरेशन हो गया है। कॉस्मैटिक सर्जरी भी हो रही है। ऑपरेशन में सैफ के घाव से तीन इंच की नुकीली चीज भी निकाली गई है।**



खबरों की मानें तो स्क्वायड डॉग को सैफ अली खान के अपॉर्टमेंट में जांच के लिए लाया गया है।शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। करीना की टीम ने कहा है कि घर में सब ठीक हैं। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। हमले के दौरान सैफ के हाथ, रीढ़ की हड्डी और गर्दन पर घाव आए हैं। अस्पताल में सैफ अली खान का अस्पताल में ऑपरेशन चल रहा है। उनकी पत्नी करीना कपूर खान भी उनसे मिलने सुबह 4.30 बजे अस्पताल पहुंची हैं।पुलिस के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर घर में घुसे चोरों ने चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। एएनआई के मुताबिक, यह झगड़ा अज्ञात शख्स और सैफ अली खान की मेड के बीच हो रहा था।

चोरी के इरादे से घुसे इस शख्स से जब सैफ अली खान का सामना हुआ तो उसने उन्हें लहूलुहान कर दिया। बता दें कि सैफ अली खान का बांद्रा में सतगुरु शरण बिल्डिंग में उनका आलीशान 3 बेडरूम अपार्टमेंट है, जिसमें छत, बालकनी और स्विमिंग पूल भी है। इसमें सैफ करीना कपूर खान और बच्चे तैमूर और जेह भी उनके साथ रहते हैं। पहले जयदीप अहलावत के पिता के निधन और अब सैफ अली खान के जख्मी होने के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।

## सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस का एक्शन, हिरासत में लिए गए तीन संदिग्ध

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ करने के लिए उन्हें पुलिस स्टेशन लेकर गई है।बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ करने के लिए उन्हें पुलिस स्टेशन लेकर गई है। दरअसल, अभिनेता पर बुधवार देर रात मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) स्थित उनके घर में डकैती के प्रयास में एक घुसपैठिये ने हमला कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौकरानी ने चोर को सबसे पहले देखा। दोनों के बीच बहस हुई और जब अभिनेता ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की तो घुसपैठिये ने उन पर कई बार चाकू से वार किया।

# अदाणी के खिलाफ रिपोर्ट से सनसनी मचाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद, नाथन का एलान

वाशिंगटन, 16 जनवरी [एजेंसी]।

अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नाथन एंडरसन ने बुधवार को बड़ा एलान करते हुए कंपनी को बंद कर दिया है। बता दें कि, हिंडनबर्ग रिसर्च के रिपोर्ट के कारण भारतीय व्यवसायी गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के अरबों डॉलर डूब गए थे। भारतीय व्यवसाय समूह अदाणी और सेबी के खिलाफ अपने रिपोर्ट से सनसनी मचाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद हो गई है। एक दिन पहले (बुधवार) कंपनी के संस्थापक नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की है। बता दें कि, विवादित कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की शुरुआत साल 2017 में हुई थी। वहीं इसे बंद करने के पीछे नाथन एंडरसन ने कोई विशेष कारण नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच कर लिया है।अपने घोषणा के दौरान नाथन एंडरसन ने कहा-जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से ही अपने परिवार, दोस्तों और अपनी टीम के साथ साझा किया है, मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का निर्णय लिया है। योजना यह थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उन्हें पूरा करने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। और पिछले पोंजी मामलों के अनुसार, जिन्हें हमने अभी पूरा किया है और विनियामकों के साथ साझा कर रहे हैं, वह दिन आज है। अपने बयान में एंडरसन ने कहा, कोई एक खास बात नहीं है - कोई खास खतरा नहीं, कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं और कोई बड़ा व्यक्तिगत मुद्दा नहीं। किसी ने एक बार मुझसे कहा था कि एक निश्चित समय पर एक सफल करियर एक स्वार्थी काम बन जाता है। उन्होंने कहा, अब मुझे अपने आप में कुछ सहजता महसूस हुई है, शायद मेरे जीवन में पहली बार। शायद मैं यह सब हमेशा के लिए कर सकता था, लेकिन मुझे पहले खुद को कुछ हद तक नरक से गुजरना पड़ा। तीव्रता और ध्यान बाकी दुनिया और उन लोगों को खोने की कीमत पर आया है जिनकी मुझे परवाह है।



अब मैं हिंडनबर्ग को अपने जीवन का एक अध्याय मानता हूं, न कि एक केंद्रीय चीज जो मुझे परिभाषित करती है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए एक साक्षात्कार में, नाथन एंडरसन ने कहा कि वह शौक अपनाने, यात्रा करने और अपनी मंगेतर और उनके बच्चे के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने कहा कि उन्होंने भविष्य में उनके लिए पर्याप्त पैसा कमाया है। उन्होंने कहा कि वह अपने पैसे को इंडेक्स फंड और अन्य कम तनाव वाले निवेशों में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। एंडरसन ने कहा कि अभी के लिए, वह यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि उनकी टीम के सभी लोग उस जगह पर पहुंचें जहां से वे आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में अन्य लोग भी हैं जो अब स्वतंत्र एजेंट हैं-इसलिए यदि आपको किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता हो जो प्रतिभाशाली हो, केंद्रित हो और जिसके साथ काम करना आसान हो, तो बेझिझक मुझसे संपर्क करें, क्योंकि वे सभी ऐसे ही हैं। बता दें कि, 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अदाणी समूह और इकान इंटरप्राइजेज समेत तमाम कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था। वहीं पिछले साल अगस्त महीने में हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अदाणी समूह से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है।

# क्यूबा ने कैदियों को रिहा करना किया शुरू, अमेरिका की तरफ से मिले इस आश्वासन के बाद फैसला

हवाना, 16 जनवरी [एजेंसी]।



क्यूबा ने अमेरिका की तरफ से आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में राष्ट्र के पदनाम को हटाने की घोषणा के एक दिन बाद वेटिकन के साथ बातचीत के तहत बुधवार को कुछ कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया। क्यूबा ने वेटिकन के साथ वार्ता के तहत बुधवार को कुछ कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की तरफ से द्वीप राष्ट्र पर आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश का अमेरिकी दर्जा हटाने के इरादे की घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया है।क्यूबा के नागरिक समूहों के अनुसार, द्वीप पर बंदियों के मामलों के बाद, दिन के दौरान 12 से अधिक लोगों को रिहा कर दिया गया, जिन्हें कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था-और उनमें से कुछ को ऐतिहासिक 2021 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के बाद गिरफ्तार किया गया था। रिहा किए गए लोगों में टैटू कलाकार रेयना याकनारा बैरेटो बतिस्ता, 24 वर्ष भी शामिल हैं, जिन्हें 2021 के विरोध प्रदर्शनों में हिरासत में लिया गया था और हमलों और सार्वजनिक अव्यवस्था के लिए चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। उसे कैमागुए प्रांत की एक जेल से रिहा किया गया, और उसने बताया कि उसके साथ आठ लोगों को भी रिहा किया गया था। मंगलवार को, अमेरिकी सरकार ने कहा कि उसने वेटिकन की तरफ से सुगम किए गए सौदे के हिस्से के रूप में क्यूबा के पदनाम को हटाने के इरादे के बारे में कांग्रेस को सूचित किया। अधिकारियों ने कहा कि 20 जनवरी को बाइडन के प्रशासन के खत्म होने से पहले क्यूबा के अधिकारी उनमें से कुछ को रिहा कर देंगे। घंटों बाद, क्यूबा के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने पोप फ्रांसिस को सूचित किया कि वह धीरे-धीरे 553 दोषियों को रिहा करेगी, क्योंकि अधिकारी ऐसा करने के लिए कानूनी और मानवीय तरीके तलाश रहे हैं। हालांकि, क्यूबा को आतंकवाद का प्रायोजक राज्य घोषित करने के अमेरिकी आदेश को हटाने के जो बाइडन के इरादे को अगले हफ्ते ही पलट दिया जा सकता है, जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पदभार संभालेंगे और विदेश मंत्री का पद मार्को रुबियो संभालेंगे।

## कवासी लखमा के बाद भूपेश बघेल होंगे गिरफ्तार?

**रायपुर।** शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री और दिग्गज आदिवासी नेता कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। इस घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री की संलिप्तता सामने आने के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफतारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कवासी लखमा को 21 जनवरी तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। कवासी लखमा के समर्थन में जहा एक ओर कांग्रेस के बड़े नेता उत्तर आये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने इस पूरी कार्रवाई को दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया था तो वही अब प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ चरणदास महंत ने इस बीजेपी की गन्दी राजनीती का हिस्सा बताया है। बंद, कहां दिख रहा है असर? जानिए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर बीजेपी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन का बयान सामने आया है। नितिन नबीन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते हुए निशाना साधा है। नितिन नबीन ने कहा किट्राइबल आदमी द्वारा अपराध कराया गया। मास्टरमाइंड पीछे बैठा है। कानून इतना मजबूत है कि मास्टरमाइंड को जल्द ही पकड़ निकालेगा। दिखता है कि ट्राइबल के प्रति आपकी क्या सोच है।

# इसरो ने रचा इतिहास, स्पेस में दोनों सैटेलाइट को जोड़ने में मिली सफलता, ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत

बेंगलुरु, 16 जनवरी [एजेंसी]।

इसरो ने अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत सैटेलाइट को जोड़ने में सफलता हासिल कर ली है। स्पेस एजेंसी इस बारे में जानकारी दी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। इसके साथ ही ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है।

इसके पहले 12 जनवरी को इसरो ने डॉकिंग के ट्रायल के दौरान दोनों सैटेलाइट को तीन मीटर से भी कम दूरी पर लाकर वापस सुरक्षित दूरी पर पहुंचा दिया था। आपको बता दें कि इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट लॉन्च किया था। पीएसएलवी सी60 रॉकेट के मदद से दो छोटे सैटेलाइट एसडीएक्स 01 और एसडीएक्स 02 को लॉन्च किया गया था। इसे



श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च कर 475 किलोमीटर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया था।इसरो के अनुसार, स्पाडेक्स मिशन पीएसएलवी द्वारा लॉन्च किए गए दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए एक कॉस्ट इफेक्टिव टेक्नोलॉजी मिशन है। अंतरिक्ष में, डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च की जरूरत होती है।

**प्रधानमंत्री ने दी बधाई**

इसरो की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने लिखा, उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और संपूर्ण अंतरिक्ष बिरादरी को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बीजापुर में नक्सलियों ने किया ब्लास्ट, चपेट में आए जवान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके बीजापुर में इन दिनों नक्सली बौखलाए हुए हैं। वे लगातार जवानों के नुकसान पहुंचाने के फिराक में लगे हुए हैं। इसी बीच पुतकेल के जंगल में IED ब्लास्ट होने की सूचना मिली है, जिसमें दो जवान घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, जवानों की टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान दो जवान IED की चपेट में आ गए। फिलहाल दोनों जवानों को कैंप लाया गया है। वहीं, दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। नए साल के जनवरी माह में IED ब्लास्ट की ये तीसरी घटना है जो सामने आई है।

# इंडिया गठबंधन नए सिरे से किया जाएगा स्थापित लखनऊ में जुट सकते हैं कई पार्टियों के नेता

लखनऊ , 16 जनवरी [एजेंसी]।



देश में मुख्य विपक्षी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की तैयारियां नए सिरे से शुरू की जाएंगी। इसके तहत क्षेत्रीय दलों की भूमिका बढ़ाई जाएगी। गठबंधन की शीघ्र ही दिल्ली में बैठक होगी जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी।दरअसल, इंडिया गठबंधन को लेकर समय-समय पर उसके घटक संगठनों के भीतर से ही खिलाफ के स्वर आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला, बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद के नेता तेजस्वी यादव ही गठबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठा चुके हैं। गठबंधन के सूत्र बताते हैं कि इन सबके उलट सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गठबंधन को मजबूत करने की रणनीति बनाई है। सपा ने फॉर्मूला दिया है कि इंडिया गठबंधन में क्षेत्रीय दलों की भूमिका को बढ़ाया जाए। तृणमूल कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को दिया जाए। सूत्र बताते हैं कि ममता बनर्जी को संयोजक बनाए जाने पर सपा को भी कोई आपत्ति नहीं होगी। इससे पहले राजग में भी दूसरे-तीसरे नंबर के राजनीतिक दलों को यह जिम्मेदारी मिलती रही है। समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज और शरद यादव भी राजग के संयोजक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसलिए क्षेत्रीय दलों का मानना है कि इंडिया गठबंधन में भी यह प्रयोग करने में कोई हर्ज नहीं है। कोशिश है कि राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उस राज्य के सबसे बड़े विपक्षी दल के नेतृत्व में काम करे। वहीं, जब भी लोकसभा चुनाव हों तो राष्ट्रीय राजनीति के मद्देनजर सीटों का बंटवारा हो। जाहिर है कि इसमें कांग्रेस का शेयर ज्यादा रहेगा।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# अखाड़ा सेक्टर में साधुओं ने दो बिजली ठेकेदारों समेत आठ को पीटा, आधी रात अफसर पहुंचे मौके पर

**प्रयागराज।** बिजली विभाग के स्टोर में यह हंगामा बिजली चले जाने पर हुआ। ठेकेदार आशीष द्विवेदी का आरोप है कि काशी मंदिर सेवा अन्नक्षेत्र समिति के शिविर से सात-आठ साधु मोटरसाइकिल और कार से आए। मुंशी दिव्यांशु शुक्ल से बिजली जाने का कारण पूछा। अखाड़ा सेक्टर में बुधवार देर रात साधुओं ने बिजली विभाग के दो ठेकेदारों-मुंशियों समेत 15 से अधिक लोगों को पीट दिया। आरोप है कि पीटने के लिए लाठियां पुलिस कर्मियों से छीनी गईं। हंगामा होने पर आधी रात मेला अफसर भी पहुंचे। ठेकेदार ने झूंसी थाने में साधुओं के खिलाफ तहरीर दी है।बिजली विभाग के स्टोर में यह हंगामा बिजली चले जाने पर हुआ। ठेकेदार आशीष द्विवेदी का आरोप है कि काशी मंदिर सेवा अन्नक्षेत्र समिति के शिविर से सात-आठ साधु मोटरसाइकिल और कार से आए। मुंशी दिव्यांशु शुक्ल से बिजली



जाने का कारण पूछा।दिव्यांशु के मुताबिक, साधुओं को बताया कि 18 हजार वोल्ट की लाइन ट्रिप कर गई है। जल्द ही बिजली आ जाएगी। लेकिन, एक साधु ने उन्हें धकिया दिया। बचाने आए मुंशी शुभम मिश्रा और रमन तिवारी को भी पीट दिया।

### मोरगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

# शासकीय योजनाओं की जानकारी ले एवं उठाएं लाभ : विधायक मरकाम





**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार आमजनों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के वनांचल ग्राम पंचायत मोरगा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक पाली तानाखार श्री तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने आमजनो से शिविर में आमजनो को शासकीय योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने एवं अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित विभागों में आवेदन देने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मोहित केरकट्टा, जनपद अध्यक्ष पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती संतोषी पेन्द्रों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, एसडीएम श्री टी आर भारद्वाज सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में स्कूली छात्राओं द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत गीत के माध्यम से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से आमजनो को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। विधायक श्री मरकाम ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा शिविर आयोजन करने का मुहिम चलाया जा रहा है। ग्रामीण शिविर में आकर अपनी समस्याओं का निराकरण भी संबंधित अधिकारी के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश के भविष्य बनने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति जैसे अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। मातृ शक्तियों को भी महतारी वंदन योजना के माध्यम से सम्मान से जीने का हक मिला है। जिसका उपयोग महिलाएं बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं परिवार के पालन पोषण में कर रही है। इस प्रकार शिविर में आमजन विभिन्न विभागों में संचालित अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र होने के कारण बहुत से बसाहट मुख्य मार्ग से जुड़ने से वंचित है एवं हाथी प्रभावित इलाके होने के कारण यहां सोलर लाइट की नितांत आवश्यकता है। जिसका शीघ्रता से सर्वे कर क्षेत्र वासियों को लाभ दिलाया जाएगा।सीईओ श्री नाग ने कहा कि शिविर में आमजनो से अनेक प्रकार के शिकायत और मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। मांग संबंधी आवेदन क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े हुए हैं। शिकायत एवं मांगों के आवेदनों को परीक्षण कर निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। श्री नाग ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के अनेक जर्जर व भवन विहीन स्कूलों के लिए नए विद्यालय भवन स्वीकृत किए गए है। आज शिविर में पूर्व माध्यमिक शाला केंदई, साखों, मदनपुर हेतु नए भवन व मोरगा, अरसिया , साखों में पीडीएस दुकान हेतु नए भवन की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की गई है। जिसका डीएमएफ की आगामी बैठक में प्रस्ताव रखकर भवन निर्माण स्वीकृत किया जाएगा। नशामुक्त भारत अभियान का दिलाया गया शपथ शिविर में विधायक श्री मरकाम द्वारा उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने एवं नशा का त्याग करने हेतु शपथ दिलाया गया।

नन्हे शिशुओं का कराया गया अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं का हुआ गोद भराई 30 स्कूली छात्रों को वितरित किया गया जाति प्रमाण पत्र शिविर में अतिथियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभांवित किया। जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा विकासखण्ड के 30 छात्र-छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग अंतर्गत ग्राम धजाक के किसान मनराखन सिंह गोंड़ को 3 एचपी का पेट्रोल चलित पंप प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा गिद्धमुड़ी के लाभार्थी अंजली, अनिता, फूलबसिया, रजनी, शशिकला, रथराम व मोरगा के अंजली किस्पोट्टा, निर्मला देवी, ललिता, करमकुंवर को नवीन राशन कार्ड सौपा गया।

इस दौरान महिला व बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराई गई। शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं व मांगो के 285 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत एक आवेदन का मौके पर निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया। बाकी सभी आवेदन मांग व शिकायत संबंधी थे।

## फ्लोरा मैक्स कम्पनी के माध्यम से महिलाओं से हुए ठगी के सम्बंध में की जा रही निरंतर कार्यवाही

**कोरबा ।** फ्लोरा मैक्स कम्पनी के माध्यम से महिलाओं से हुए ठगी के सम्बंध में पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज थाना कोतवाली द्वारा एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक, कर्मचारी व संतोषी साहू एवं फिन केयर माइक्रो फाइनेंस बैंक कटघोरा के प्रबंधक व राधिका कैवर्त एवं अन्य के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्र कर रकम की ठगी करने के आरोप में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला आवेदक द्वारा थाना कोतवाली में उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई कि राधिका कैवर्त एवं फिन केयर माइक्रो फाइनेंस बैंक कटघोरा के बैंक प्रबंधक द्वारा मिलकर योजनाबद्ध तरीके से फ्लोरा मैक्स कंपनी के टॉप टेन लीडर सरोजनी चंद्रा के अंदर लीडर राधिका कैवर्त व फिन केयर बैंक के प्रबंधक के द्वारा सांठगांठ कर आपस में षडयंत्र कर बिना दस्तावेज को जांच किये 3 हजार रूपए कमीशन लेकर लोन दिलाया गया हैं। राधिका कैवर्त एवं फिन केयर बैंक प्रबंधकों द्वारा मुझे अधिक लाभ का प्रलोभन देकर प्रार्थी से लोन दिलाकर 40 हजार रूपए की ठगी किये हैं। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 34/2025 धारा 318(4), 61(1) (ए) बीएनएस का आरोपी फिन केयर माईको फायनेंस बैंक कटघोरा के बैंक प्रबंधक, राधिका कैवर्त निवासी मुड़ापार चौकी मानिकपुर जिला कोरबा के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा इसी प्रकार प्रार्थिया श्रीमती सवित्री पति मानसिंह सेद्राम निवासी बांधापारा लेपरा थाना बांगो द्वारा भी आज थाना में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई कि एचडीएफसी बैंक कर्मचारी व प्रबंधक, संतोषी साहू सेमीपाली थाना उरगा निवासी द्वारा मिल कर योजनाबद्ध तरीके से षड़यत्र रच कर 10-15 महिलाओं को इकट्ठा करने को ये लोग एक राय होकर बोले, तब प्रार्थिया अपने जेठानी चंद्रकला के निवास में बैठ कर फ्लोरा मैक्स कंपनी के पाम्पलेट और सामानों के विषय में अवगत कराई तथा 30-30 हजार रूपये इकट्ठा करो जिसके एवज में 40 हजार रूपये का सामान मिलेगा और महिलाओं को लोन एचडीएफसी बैंक से दिलाई तथा उक्त पैसे को निकाल कर सभी महिलाएं 30-30 हजार रूपये फ्लोरा मैक्स कंपनी में जमा कर रसीद ली, इस प्रकार एचडीएफसी बैंक का लखन निषाद एवं संतोषी साहू के साथ मिल कर सांठगांठ कर षडयंत्र कर लोगों को 30-30 हजार रूपये का लोन दिला कर धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 318(4), 61(1) (ए) बीएनएस का आरोपी एचडीएफसी बैंक कर्मचारी लखन निषाद व प्रबंधक संतोषी साहू एवं अन्य के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### दूबे को मिला राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**कोरबा।** साहित्य और सामाजिक कार्यों के साथ युवाओं को सनातनी संस्कृति की मुख्य धारा में लाने हेतु प्रयासरत कोरबा के पंडित रविंद्र दुबे को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 प्रदान किया गया। वर्धी वेलनेस फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य करते हैं। पंडित रविन्द्र दुबे ने समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए कई कल्याणकारी कार्य कर युवाओ को सांस्कृतिक कार्य के प्रति उत्त्साहित करने अहम भूमिका निभाई है इसके पूर्व भी पंडित दुबे कई साहित्य और समाजसेवा के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए जा चुके हैं।

## कलेक्टर ने कृषक उत्पादक समूह द्वारा संचालित विभिन्न प्रोसेसिंग इकाईयों का किया अवलोकन



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा आज करतला विकासखण्ड के ग्राम नवापारा में नाबार्ड के सहयोग से संचालित कृषक उत्पादक समूह द्वारा किए जा रहे गतिविधियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने एफपीओ समूह की क्रियाकलापों का अवलोकन कर सीधे किसानों से उनकी एक्टिविटी के सम्बंध में चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने समूह द्वारा संचालित किए जा रहे काजू प्रसंस्करण इकाई, कच्ची धानी तेल की मशीन, आम एवं काजू के पल्प का अवलोकन किया गया, साथ ही किसानों से मूंगफली, जामुन, आम, काजू एवं अन्य कार्यो से होने वाले उत्पादनों की जानकारी ली गई। इस दौरान महामाया बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति नवापारा, हरियाली महिला बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति कोई, जय गुरूदेव बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति तराईमार, चंद्रवंशी बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति केराकछार के कृषकों द्वारा क्षमता निर्माण के तहत मुर्गी चूजा उत्पादन की हेचरी, धान बीज उत्पादन केन्द्र, डीफ्रिज स्टोरेज हेतु गोदाम एवं किसान बाजार की आवश्यकता की जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को कृषक समूह की आवश्यकताओं व मांग की पूर्ति हेतु विभागीय योजना एवं जिला खनिज न्यास मद से कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम कोई के हरियाली बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति के मांग पर गौठान के संचालन एवं ग्राम रामपुर की महिलाओं द्वारा शराबबंदी की मांग पर सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। जिससे समूहों के किसानों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, उद्यान विभागीय अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एवं कृषक उत्पादक समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पाली महोत्सव की तैयारी हेतु जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने जिले में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जनप्रतिनिधियों की बैठक ली । बैठक में पाली महोत्सव की तैयारी और सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत केराझरिया के मैदान में किया जायेगा। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिए कि महोत्सव में स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के 'यादा अवसर देना चाहिए। दर्शक दीर्घा में महिलाओं के बैठने के लिए अलग से स्थान आरक्षित किया जाए। महोत्सव में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त पेयजल और अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाए। पाली महोत्सव के संबंध में फ्लेक्स आदि से प्रचार प्रसार पूर्व से ही किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिव कला कंवर, जिला पंचायत सदस्य, केराझरिया सरपंच ,विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि सहित अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे उपस्थित थे।

### मंत्री के हाथों मुकुन्द उपाध्याय हुये सम्मानित



**कोरबा।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज जिला कोरबा के तत्वावधान में परशुराम भवन कोरबा में भूमिपूजन व सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के उद्धोगमन्त्री माननीय लखनलाल देवांगन जी छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि थे,उनके करकमलों से शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने के कारण ब्राह्मण समाज कोरबा द्वारा मुख्यमंत्री गौरव अंलकृत,व राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक मुकुन्द केशव उपाध्याय को श्रीफल,साल,मोमेंटो व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान कार्यक्रम में भाजपा जिला कोरबा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उपाध्याय जी के अलावा ब्राह्मण समाज के सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रंजना ने बनेगी महतारी सदन, विधायक पटेल ने किया भूमिपूजन

**कोरबा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायत रंजना में धान उपार्जन केन्द्र में चबुतरा निर्माण व महतारी सदन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। धान उपार्जन केन्द्र में चबुतरा निर्माण 15.44 लाख रुपए,सीसी रोड 20 लाख रुपए व 29.20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन को महिलाओं की सुविधाओं के लिए बनाया जा रहा है।

इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल कहा कि भवन केवल भौतिक संरचना नहीं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद के सदस्य रघुराज सिंह उइके,सरपंच ममता मरकाम,साईं मन्नू राठौर,मुकेश जायसवाल,केके सिंह,



वनवासी कल्याण आश्रम सदस्य दिलीप पटेल,श्रवण यादव,राजू नायर,नीलेश साहू,उपसरपंच, सचिव, पंच सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर पीएमएवाई आवासगृहों की कार्यप्रगति एवं टीएल, जनचौपाल, जनशिकायत प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की

**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत प्रगतिरत आवासगृहों के निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाकर कार्यो को पूरा कराएं, साथ ही जिन आवासगृहों का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ, उन्हें तत्काल प्रारंभ कराएं। उन्होने कहा कि समयसीमा के प्रकरणों, जनचौपाल एवं जनशिकायत से संबंधित आवेदनों आदि का निराकरण समयसीमा पर हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासगृहों के निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार एवं जोनवार समीक्षा की। उन्होने समीक्षा करते हुए योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत प्रगतिरत एवं प्लिंथलेवल, लेंटल एवं रूफ लेवल तथा कम्पलीशन की स्थिति में पहुंचे आवासगृहों की जानकारी ली तथा उनके कार्यो में आवश्यक तेजी लाने एवं कार्यो को शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश अधिकारियां को दिए। उन्होने निर्धारित समय पर लक्ष्य का निर्धारण करते हुए इन लक्ष्यों की प्राप्ति समयसीमा में किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि हितग्राहियों को समय पर सतत रूप से भुगतान प्राप्त हो, यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**समयसीमा के प्रकरणों का समय पर निराकरण**

बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने समयसीमा के प्रकरणों कलेक्टर जनचौपाल, जनशिकायत सहित अन्य विषयों से जुड़े आवेदनों के निराकरण की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों के कड़े निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने वयवंदन कार्ड व आयुष्मान कार्ड निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, सड़क रोशनी, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य विभिन्न विषयों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, अजीत तिग्गा, सुरेश बरूवा, भूषण उरांव, तपन तिवारी, राकेश मसीह, विनोद शांडिल्य, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विवेक रिछारिया, यशवंत जोगी, रमेश सूर्यवंशी, रामेश्वर सिंह कंवर, सुशील सोनी, गोयल सिंह विमल, सुनील टांडे, अश्वनी दास आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवधा रामायण के समापन के अवसर पर हवन पूजन , भोग भंडारा का आयोजन



**कोरबा।** कटघोरा नवधा रामायण का आयोजन सीएसईबी हनुमान मंदिर के पास 5 जनवरी से 13 जनवरी तक नवधा समिति द्वारा किया गया 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर दोपहर हवन पूजन ,सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज एवं भोग प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मोहल्ले वासी काफी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किए । प्रतिदिन प. घनश्याम दुबे,प.प्रेम दुबे द्वारा सुबह शाम आरती,भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता रहा। 9 दिन के अखंड नवधा रामायण का आयोजन में बिलासपुर,कोरबा, जांजगीर,अंबिकापुर रायगढ़,शक्ति, एवं अन्य जिले से 169 से अधिक रामायण मंडली उपस्थित होकर कथा वाचन कर सुंदर तरीके से भजन कीर्तन किए। कृष्ण दास एवं संतोष साहू नवधा* समिति प्रमुख ने चर्चा करते हुए कहा कि ष्ह्यद्गङ्ख प्रांगण में अखंड नवधा रामायण का आयोजन को 15साल हो गए। नवधा रामायण होने से मोहल्ले क्या पूरे नगर राम मय हो गया।9 दिन तक लगातार 7,8 जिले के समिति मंडल भजन कीर्तन कथा के लिए उपस्थित हो रहे थे। भोग भंडारा ,हवन पूजन ,प्रसाद वितरण में कृष्ण दास, संतोष साहू, पवन कुमार दास, नर्मदा देवांगन, राजकुमार साहू ,अशोक तिवारी, शरद देवांगन ,पवन जायसवाल ,श्रीमती लक्ष्मीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत जायसवाल, अमर सिंह सुमन, मोहन सिंह ,जगमोहन दास ,रोशन दास,सुचित्रा मानिकपुरी, शिवशंकर जायसवाल ,चंदा साहू गीता साहू , फिरत यादव, शिबू यादव ज्योति देवांगन शिवकुमारी ,सुकून बाई ,सुनीता वैष्णव ,पांचो बाई ,संतोषी मरावी , फेकू राम यादव का अथक सहयोग रहा।

## साईं के भंडारे में उमड़े भक्तजन

### भजनों से गूंजा गांधी चौक

**कोरबा ।** श्री साईं बाबा सेवा समिति गांधी चौक कोरबा के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर पालकी यात्रा एवं भोग भंडारा का आयोजन हुआ। 13 जनवरी को नगर में धूमधाम से बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर गांधी चौक परिसर में भोग भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में नगरजन शाम तक उमड़ते रहे। गांधी चौक प्रांगण में साईं बाबा और चरण पादुका तथा हनुमानजी की आरती एवं 56 भोग लगाने पश्चात भंडारा प्रारंभ हुआ। यहां बाबा का दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचते रहे। दर्शन उपरांत सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महिलाओं की भजन मंडली के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। पालकी यात्रा में बिहारी लाल रजत द्वारा साईं बाबा का जीवंत स्वरूप प्रदर्शित किया गया व संतराम साहू सहयोगी रहे। श्री साईं पालकी यात्रा एवं भंडारा को सफल बनाने में बृजेश अग्रवाल, केसर सिंह राजपूत, खुशाल भाई चौहान, ईश्वर सिंह राजपूत, सन्नी सिंह राजपूत, प्रकाश अग्रवाल, कृष्णा कुर्रे, अमोल सागर, पंकज सोनी, सतीश बेला, आकाश सिंह, सत्यम आनंद, महेश देवांगन, अंकित आदिले, अखिल चौहान, आयुष चौहान, सोनू बरेठ, सुनील मांझी, विभूति चौहान उर्फ गोलू, राहुल यादव, प्रीतम, मोहन, शिवम सिंह, मयंक वैष्णव, प्रकाश जायसवाल नान्हे, धनराज सिंह, अमोद सागर, निक्की देवांगन, ब्योम सिंह, सुजान सिंह, राजा, मयंक चौहान आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### छालीवुड फिल्म डोली लेके आज

**कोरबा।** छालीवुड फिल्म डोली लेके आजा 17 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न मल्टीप्लेक्स और टॉकिज में रिलीज हो रही है यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक, सस्पेंस व कॉमेडी से भरपूर होगी। तिलक भवन में छालीवुड फिल्म डोली लेकर आजा की टीम आज तिलक भवन पहुंची थी। जहां फिल्म के आर्टिस्ट किशन सेन, मजिमा एवं किशन उरांव, डायरेक्टर अरविंद, प्रोड्यूसर महेंद्र महेश्वरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि डोली लेकर आजा फिल्म गांव की कहानी की परिवेश में बनाया गया है। यह फिल्म लोगों को जमकर गुदगुदाएगी और हंसाएगी।

आम जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर गांव के परिवेश को इस फिल्म में उतारा गया है। इस फिल्म की खासियत है कि यह फिल्म एक परिवार की कहानी है और इस फिल्म को बनाने में लगभग 70 से 80 लाख रुपए की लागत आई है।

### सरकार षडयंत्र पूर्वक ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म कर दिया : सुरेन्द्र जायसवाल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई आरक्षण व्यवस्था से अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जिला स्तरीय धरना/ प्रदर्शन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ने भी 15 जनवरी बुधवार को टी पी नगर चौक कोरबा में एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना/प्रदर्शन किया।।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हुए आरक्षण में एक भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नही है, जबकि प्रदेश की आधी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग का है। सरकार षड़यंत्र पूर्वक ओबीसी आरक्षण को लगभग खत्म कर दिया है, जिसके कारण ओबीसी वर्ग से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशिओं का अधिकार का हनन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने कहा है कि सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है, उसका परिणाम सामने है। रायपुर जिला पंचायत में 16 में से केवल 4 सीट ही ओबीसी के लिए आरक्षित है, उसी तरह बिलासपुर जिले में 17 में से केवल 1 क्षेत्र ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से 1 भी सीट आरक्षित नही है, उसी तरह 4 जनपद पंचायतों में जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, 1 अनारक्षित महिला और 1 जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। यहां एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नही है जिसके कारण प्रदेश के ओबीसी वर्ग चुनाव लड़ने से वंचित हो गया है और साय सरकार ने ओबीसी वर्ग हो चुनाव लड़ने से षडयंत्र पूर्वक रोक दिया है ।

## सिंचाई कलोनी में 26 जनवरी को होगा 51 हजार पार्थिक शिवलिंग का पूजन निर्माण व रुद्राभिषेक

**कोरबा ।** कोरबा जिले में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 51000 पार्थिक शिवलिंग का निर्माण और पुजन रुद्राभिषेक किया जा रहा है। जल, अभिषेक दुग्ध, तेल, मधूरस सहित गन्ना रस से अभिषेक होगा। साथ ही 2100 महाम्रुत्युन्जय मन्त्र द्वारा हवन का भी कार्यक्रम होगा। इसके लिये आचार्य उत्तरप्रदेश से आयेंगे यह जानकारी पंडित विष्णुकांत मिश्र ने दी है जिन्होने पिछले वर्ष भी 21000 पार्थिक शिवलिंग पुजन का कार्यक्रम घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में संपन्न कराया था। इस वर्ष सिंचाई कॉलोनी रामपुर दुर्गा पंडाल में यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 26 जनवरी को मूर्ति निर्माण और 27 जनवरी को महा रुद्राभिषेक किया जाएगा साथ ही सभी वेदियों की पूजन होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा

### बच्चों का बढ़ाया जा रहा प्रतिरोधक क्षमता

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया गया। इस संस्कार के बाद नौ वर्षीय बालक शिवांश सिंह के पिताजी शिवशंकर सिंह ने बताया कि उनके बेटे का जिद्दीपना दूर हो गया है और उसकी स्मरण शक्ति भी अच्छी हो गई है।

# 30 फीट की सड़क महज 10 फीट ही रह गई चौड़ी, पर्यटकों को हो रही परेशानी

### अतिक्रमण से क्रोकोडॉयल पार्क पहुंच मार्ग हुआ संकरा

**अकलतरा।** नगर के अंबेडकर चौक से पर्यटन स्थल कोटमीसोनार क्रोकोडॉयल पार्क जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ सड़क के बगल में रहने वाले लोगों के द्वारा निर्माण को आगे बढ़ाते हुए कब्जा कर लिया गया है। इससे क्रोकोडाइल पार्क पहुंच मार्ग वाली 30 फीट की सड़क अतिक्रमण के चलते महज 10 फीट की रह गई है। वार्ड के आने जाने वाले ने बताया की उक्त मार्ग अंबेडकर चौक से अधियारी पाठ, लटिया, कल्याणपुर, कोटमीसोनार होते हुए बिलासपुर

पहुंच मार्ग है। मार्ग पर आए दिन देश और विदेशों से भी पर्यटक कोटमीसोनार क्रोकोडॉयल पॉर्क देखने पहुंचते हैं पर सड़क की चौड़ाई कम होने से चलना मुश्किल होता है। जिससे आए दिन घरों के सामने जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति में वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई गांव को जोड़े जाने वाली मुख्य सड़क के दोनों तरफ घरों और दुकानों के आगे लोगों ने कब्जे कर रखे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज करवाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। इस दौरान आने वाले क्षेत्र के ग्रामीणों और पर्यटकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**क्या कहते हैं नागारिक**

वार्ड के राकेश निर्मलकर ने बताया नगर से जुड़ा यह मार्ग ग्रामीण कई गावों को जोड़ता और इस मार्ग में अतिक्रमण होने के कारण सड़क इतनी संकरी हो गई है की एक तरफ से वाहन आने पर दूसरे ओर के वाहन को जाम का सामना करना पड़ता है। कभी कभी तो एम्बुलेंस तक इसमें फंस जाती है। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग नगर पालिका एव राजस्व विभाग को भी अवगत करवा चुके हैं पर ये सभी विभाग मौन साधे हुए हैं।

## तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कश्यप तो उपाध्यक्ष बने चौधरी

**शिवरीनारायण।** तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान में तहसील अधिवक्ता के अध्यक्ष श्याम कुमार कश्यप को बनाया गया है तो वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अरविंद कुमार चौधरी को दी गई है। ज्ञात हो कि तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण का निर्वाचन 15 जनवरी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद हेतु तीन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, श्याम सुन्दर कश्यप एवं सुभाष कुमार मिरी शामिल थे, निर्वाचन में सुभाष कुमार मिरी को 2 वोट, जितेन्द्र तिवारी को 13 वोट, श्याम सुन्दर कश्यप, को 14 वोट प्राप्त हुये। 1 वोट से श्याम सुन्दर कश्यप विजयी हुये। उपाध्यक्ष पद हेतु अरविन्द कुमार चौधरी, सचिव पद हेतु गजेन्द्र प्रसाद बंजारे, कोषाध्यक्ष पद हेतु देवनारायण माण्डले, सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव पद हेतु ओमनारायण कश्यप, सहसचिव पद हेतु घनेश कुमार खाण्डेकर, ग्रंथालय सचिव- गजपाल जाहिरे तथा कार्यकारिणी सदस्य हेतु सुरेन्द्र कुमार कश्यप व इतवारी प्रसाद यादव निर्वाचित हुये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद बंजारे, सहायक निर्वाचन अधिकारी जीवन लाल कश्यप व रथराम टण्डन ने चुनाव परिणाम की घोषणा किया तथा विजयी हुये नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

***जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट 18 जनवरी को जारी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के समस्त पंचायतों और नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम में संशोधन किया है। पहले निर्धारित तिथि 15 जनवरी को बढ़ाकर अब 18 जनवरी किया गया है।

## वार्षिकोत्सव एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल हुए खेल मंत्री

**जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी सोच को रखें सकारात्मक - वर्मा**

**अकलतरा।** जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी सोच को सदैव सकारात्मक रखना चाहिए। बिना संघर्ष के कोई भी व्यक्ति महान नहीं बनता। उक्त बातें प्रदेश के खेल मंत्री ने आरकेसिंह विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मंदिर में हम जिस मूर्ति की पूजा करते हैं उसे मंदिर में प्रवेश मिलने से पहले छिनी हथौड़ी के चोट से गुजरना पड़ता है, उसी प्रकार जीवन मैं सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष एवं कठोर परिश्रम आवश्यक होता है। जो लोग कठोर परिश्रम से नहीं घबराते हैं यह जीवन निश्चित रूप से उन्हें उनके सिर पर सफलता का ताज पहनाती है। सफलता प्राप्त करने के लिए हम सबको अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। हम जो सोचते हैं वैसे ही हमारी क्रियाकलाप होती है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि 1952 में तीन कमरों से इस शाला रूपी पेड़ का बीजारोपण किया गया था जो वर्तमान में विशाल वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। शांति भारते ने कहा कि विद्यार्थी मेहनत एवं संघर्ष कर बेहतर मुकाम हासिल करते हुए अपने बिद्यालय परिवार एवं नगर का नाम रोशन करें। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया के द्वारा शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत कियां गया। संचालन अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में आरसी मिश्रा, लव सिंह चंदेल, रामभरोस कैवर्त, विजय केडिया, अरविंद जैन, वीरेंद्र जैन, नरेश केडिया, सत्येंद्र जैन, पंकज दोषी, विकास केडिया, कमल केडिया, निखिल कौशिक, उमाकांत भारते, राजन केडिया, डॉ विवेक सिंह बैस, चंदन शर्मा, आशीष प्रसाद, संतोष दुबे, आकाश सिंह, सुमित सिंह चंदेल, पवन यादव, आनंद प्रकाश मिरी, अनिरुद्ध सिंह, सुबोध थवाईत, कामेश अग्रवाल, सत्यभामा वैष्णव, गौरी रानी गुईन, वर्षा यादव, आर के पांडे, करण सिंह चंदेल, अनुराग कसेर, जफरुल्लाह खान, सुमन साहू, आरपी गौतम एवं विद्यार्थी, अभिभावक व नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सौरभ सिंह के द्वारा नगर के केवट समाज की और से कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा से केंवट समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग किए जाने पर कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा के द्वारा केंवट समाज सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की गई।

## लीनेस क्लब ने मकर संक्रान्ति त्योहार पर लड्डू व खिचड़ी बांटी



**सक्ती।** सेवा कार्य में अग्रणी आल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीएम -1 संपदा सक्ती ने मकर संक्रांति पर्व पर गायत्री मंदिर नारायण सागर तालाब पार पर निवास कर रहे लोगों को खिचड़ी और तिल मुरा सेव से बने लड्डू बंटवारा कर सभी ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर के अध्यक्षता में हुआ। इसका उद्देश्य पर्व पर जरूरतमंदों को सहयोग के साथ खुशियां बांटना है। इस अवसर पर एक्जीक्यूटिव आफिसर व मल्टीपल चेयरपर्सन लीनेस डॉ शालू पाहवा, डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सह सचिव व मल्टीपल चेयरपर्सन लीनेस अनीता सिंह, पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल, सचिव भगवती देवांगन, लता नायक, मंजू जायसवाल, ललिता साहू, रीता राज, निकहत करीम खान, शहनाज़ बानो, संगीता तिवारी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पांच दिनों के भीतर 69 विद्युत बकायादारों का लाइन विच्छेदन की कार्रवाई

**शिवरीनारायण।** विद्युत विभाग का अमला इन दिनों बिजली चोरी मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में पांच दिनों के भीतर 69 बकायादारों का विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शिवरीनारायण विद्युत विभाग द्वारा निरंतर सघन अभियान चलाकर वसूली की जा रही है।

विदित हो कि शिवरीनारायण वितरण केन्द्र में 12 हजार 500 उपभोक्ताओ के विरूद्ध 17 करोड बकाया राशि है। जिसमें शासकीय उपभोक्ताओं के विरूद्ध 11 करोड 62 लाख एवं अशासकीय के विरूद्ध 5.41 करोड बकाया राशि है।

उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अशासकीय उपभोक्ताओं से उक्त राशि वसूली सूली हेतु हेतु निरंतर संघन अभियान चलाया जा रहा। जिसमें व्यवसायिक अद्यौगिक उपभोक्ताओं का भुगतान नही होने की स्थिति में तत्काल लाईन विच्छेदन करने की



कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में विगत 5 दिवस मे ही शिवरीनारायण में बकाया राशि वसुली अभियान चलाया गया जिसमें में 69 उपभोक्ताओं का लाईन विच्छेन कर 11 लाख 56 हजार 34 रुपए से 4 लाख 73 हजार 490 रुपए वसूल किया गया। इसी कड़ी में उपभोक्ता सहोद्रा बाई साहु, अर्जुन लाल, चंद्रिका प्रसाद, बोरारा पटेल तथा अन्य 26 उपभोक्ताओं का लाईन विच्छेदन किया गया। जिनसे 6 लाख 82 हजार 544 रुपए वसूल किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बकाया राशि वसूल की कार्यवाही निरंतर की जायेगी। इसका अवलोकन उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किया जा रहा है।

इस संबंध में सहायक यंत्री शिवरीनारायण प्रतीक भगत का कहना है कि लाईन विच्छेदन की कार्यवाही में कोई भी ढिलाई नही बरती जायेगी। उपभोक्ताओं सं अनुरोध है लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए तत्काल भुगतान सुनिश्चित करें। बकाया राशि वसूल की कार्यवाही निरंतर की जायेगी और बकायादारों की विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। शिवरीनारायण क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं पर की जा रही कार्रवाई से बकायादारों में हडकंप मचा हुआ है।

## डीजल चोरी करने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जांजगीर।** कंपनी की गाड़ी से डीजल चोरी करने वाले ड्राइवर पर चांपा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पिछले कुछ दिनों से बिर्रा रोड में स्थित तिरुपति मिनरल में ट्रकों से डीजल की चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। मैनेजर राधेलाल लाठिया ने वाशरी में काम करने वाले संतोष सिंह और प्रशांत भार्गव को निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी। इसी बीच कर्मचारियों ने कैम्पर के ड्राइवर सोमेश देवांगन को गाड़ी से डीजल चोरी होना पाया। उसे रंगेहाथ पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग गया। इसके बाद मामले की थाने में शिकायत की गई।

### दहेज के लिए पत्नी से की मारपीट, पति पर जुर्म दर्ज

**जांजगीर।** शादी के सालभर बाद ही युवक कम दहेज लागे की बात पर पत्नी से गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। पत्नी की रिपोर्ट पर चांपा पुलिस ने हरदीबाजार में रहने वाले आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अण्डीकछार में रहने वाले युवक संदीप खाण्डेकर की वर्ष 2022 में सामाजिक रीति-रिवाज से चांपा में रहने वाली प्रीति खाण्डेकर से शादी हुई थी। शादी को सालभर गुजर जाने के बाद पति आए दिन दहेज की मांग करते हुए प्रीति के साथ गाली-गलौज कर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। 16 दिसंबर में भी मारपीट की। घायल महिला ने इलाज कराने के बाद पति के खिलाफ थाने में शिकायत की।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांजगीर पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव का व्यक्ति थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि उसकी नाबालिग बेटी कहीं चली गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया।

## भाजपा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अम्बेष जांगड़े ने भेट किया पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल से

**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अम्बेष जांगड़े छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेष भाजपा के वरिश्ठ नेता नारायण चंदेल के जनसंपर्क कार्यालय उनसे भेट करने पहुंचे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने उन्हे गमछा पहनाकर, गुलदस्ता से व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। दोनों के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। श्री जांगड़े ने भाजपा के वरिश्ठ नेता नारायण चंदेल से आषीर्वाद मांगा इस पर उन्होंने, उन्हे पुन: बधाई एवं षुभकानाएं दी। इस अवसर पर लक्ष्मी देवांगन, सोनू खुल्लर, गुड्डु कहरा, पवन कहरा, मोहन यादव, गजानंद ध्रुव, छबि कष्यप, हरदेव टण्डन, श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, सतीष षर्मा, रितेष मोनू अग्रवाल, मोहन श्रीवास, सुषील सिंह सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## जांजगीर-चांपा में दफ्तर से गायब मिले 120 अधिकारी-कर्मचारी

**कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, कारण बताओ नोटिस जारी; एक दिन का वेतन कटेगा**





**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा के कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय और ब्लॉक कार्यालयों का अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाली स्थिति सामने आई, जहां 13 विभाग प्रमुखों सहित कुल 120 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। अपर कलेक्टर एसपी वैद्य के अनुसार, निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई, जिसमें कई विभागों के प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय समय पर नहीं पहुंचे थे।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय और ब्लॉक कार्यालयों का अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय और ब्लॉक कार्यालयों का अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर छिकारा ने महिला एवं बाल विकास विभाग, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया। साथ ही, उनके निर्देश पर स्ष्ठरू चांपा नीरनिधि नंदेहा, स्ष्ठरू अकलतरा विक्रांत अंचल और डिप्टी कलेक्टर सुमित बघेल ने भी अलग-अलग विभागों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। इस निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही, जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगान का आयोजन भी किया गया।

### ओबीसी आरक्षण पर बढ़ा विवाद

## जिले में कांग्रेस का प्रदर्शन, विधायक बोले- सरकार पिछड़े वर्ग का इस्तेमाल वोट बैंक के लिए करती है



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा में ओबीसी आरक्षण में कटौती के विरोध में कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। बैरिस्टर भवन के सामने आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में भाजपा सरकार की नीतियों के कारण ओबीसी वर्ग के आरक्षण में भारी कटौती की गई है। सरकार पिछड़े वर्ग के लोगों का केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है।

**एक भी सीट OBC वर्ग को नहीं मिली**

विधायक कश्यप ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि 33 जिला पंचायत अध्यक्ष पदों में से एक भी सीट ओबीसी वर्ग को नहीं दी गई है। इससे जिला पंचायत में ओबीसी प्रतिनिधित्व काफी कम हो गया है।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी**

कांग्रेस नेताओं ने ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है, कहा कि ओबीसी वर्ग की उपेक्षा जारी रही तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## पीएम आवास के लिए नगर पंचायत में हो रहा सर्वेक्षण

**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत हितग्राही सर्वेक्षण कार्य 15 नवंबर से शुरू किया गया है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राही अब अपने नए पक्के आवास के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश साहू बताया कि शिवरीनारायण में अब तक स्वीकृत 472 आवासों में से 432 आवास पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राही इस योजना के लिए नगर पंचायत में फॉर्म भर सकते हैं। इसके साथ ही वे ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं और स्कीम गाइडलाइन को शासन द्वारा जारी की गई गूगल लिंक से प्राप्त कर सकते हैं।



इस योजना के तहत आवश्यक दस्तावेज में आवेदक का आधार कार्ड, आवेदक के जीवित माता पिता के साथ परिवार के सभी सदस्य का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि के दस्तावेज, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो व अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल हैं।

## मकर स्नान करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है: राजेश्री महन्त

**शिवरीनारायण।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पहुंचकर श्रद्धालु भक्तों ने भगवान श्री शिवरीनारायण की पावन धारा में स्थित चित्रोत्पला गंगा के पावन त्रिवेणी संगम पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज भी अपने सहयोगियों सहित मकर स्नान के लिए श्री दूधाधारी मठ रायपुर से चलकर शिवरीनारायण पहुंचे। उन्होंने सुबह 6.30 बजे त्रिवेणी संगम के बावा घाट में पहुंचकर स्नान करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सनातन धर्म में मकर संक्रांति का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। भगवान सूर्य नारायण कर्क रेखा से चलकर मकर रेखा में प्रवेश करते हैं। इसे धर्म शास्त्रों में सूर्य देवता का उत्तरायण होना कहा गया है। भगवान सूर्य तेज, ऐश्वर्य, बल, बुद्धि के देवता हैं। जो लोग श्रद्धा भक्ति पूर्वक मकर स्नान करके भगवान सूर्य नारायण की पूजार्चना करते हैं। उन्हें अक्षय फल की प्राप्ति होती है। लोगों ने मकर संक्रांति के अवसर पर परिवार सहित हजारों की संख्या में शिवरीनारायण स्थित त्रिवेणी संगम पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन पूजन कर अपना जीवन धन्य बनाया।

# धान उपार्जन केंद्र सारागांव में जमकर मनमानी

### निर्धारित मात्रा से एक-दो किलो अधिक तौला जा रहा धान, केंद्र को बिचौलियों के भरोसे छोड़ अक्सर नदारद रहते हैं खरीदी प्रभारी

**जांजगीर-चांपा।** धान उपार्जन केंद्र सारागांव में अव्यवस्था और मनमानी चरम पर है। यहां किसानों से निर्धारित मात्रा से एक-दो किलो अधिक धान तौलने और रख-रखाव में लापरवाही का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि केंद्र को बिचौलियों के भरोसे छोड़ कर खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर अक्सर नदारद रहते हैं। वहीं धान के धूप और बारिश से बचाव को लेकर कोई इंतज़ाम भी नहीं है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के गृह नगर सारागांव में स्थित धान उपार्जन केंद्र में अव्यवस्था चरम पर है। यहाँ खरीदी प्रभारी रामविलास राठौर और कम्प्यूटर आपरेटर की मनमानी से शासन के आदेश-निर्देश की जमकर धज्जियाँ उड़ रही है। बुधवार को सारागांव के कुछ किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि धान उपार्जन केंद्र सारागांव में उनसे निर्धारित मात्रा से अधिक धान लिया जा रहा है, जिसका विरोध करने पर उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। हालांकि, किसानों ने इसके पीछे केंद्र प्रभारी का नाम स्पष्ट नहीं किया, लेकिन उनके बात से यह स्पष्ट हो गया कि यहां किसानों से एक-दो किलो ज्यादा धान मंगाया जा रहा है और इलेक्ट्रॉनिक कांटा में माइनस कर धान की अतिरिक्त तौल की जा रही है। जबकि, कलेक्टर का स्पष्ट निर्देश है कि किसानों से निर्धारित मात्रा में ही धान लिया जाए। इसके लिए सबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। इसके बावजूद, सारागांव में उपार्जन केंद्र प्रभारी रामविलास राठौर और कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा धान तौल में जमकर गड़बड़ी की जा रही है और अतिरिक्त धान लेकर किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

**केंद्र से अक्सर नदारद रहते हैं प्रभारी**

धान उपार्जन केंद्र सारागांव के प्रभारी रामविलास राठौर, उपार्जन केंद्र से अक्सर नदारद रहते हैं। वही कम्प्यूटर ऑपरेटर भी केंद्र से अक्सर गायब रहते हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो धान उपार्जन केंद्र सारागांव को बिचौलियों के भरोसे छोड़ दिया गया है, जिसके कारण यहां जमकर अवस्था देखने को मिल रही है।

**धान की सुरक्षा पर लापरवाही पड़ रही भारी**



धान उपार्जन केंद्रों को रख-रखाव के लिए ढाई से तीन लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गईं है, जिससे धान की सुरक्षा और किसानों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। लेकिन, सारागांव केंद्र में धान को जमीन पर स्टॉक लगाकर रखा गया है, जिससे बेमौसम बारिश होने पर धान खराब होने का खतरा बढ़ गया है। जबकि, पिछले दिनों हुई बारिश में कई खरीदी केंद्रों में धान की बोरियां बारिश से भीग गईं थी। इसके बाद भी सारागांव केंद्र प्रभारी द्वारा लापरवाही की जा रही है।

**नोडल अधिकारी ने दी कार्रवाई की चेतावनी**

नोडल अधिकारी अमित साहू ने कहा कि जिले के सभी केंद्र प्रभारियों को तय मानक के अनुसार ही धान लेने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि सारागांव केंद्र में लापरवाही या मनमानी पाई गई तो जांच करा कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य शिविर: 235 लोगों ने कराई जांच

**जांजगीर।** लायंस क्लब जांजगीर नैला, अरपा मेडिसिटी हास्पिटल, रिसर्च सेंटर इंस्टीयूट बिलासपुर व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में श्री अग्रसेन भवन नैला जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ और चिकित्सा शिविर लगाया गया।



शिविर में 235 लोगों ने स्वास्थ लाभ लिया। लायन क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश पालीवाल ने बताया कि शिविर में ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अद्वैत अकाश, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. तिरुमल बोनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिका सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरन चंद्र पंकज, जनरल फिजिशियन डॉ. अभिषेक सुक, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मंजु गजेन्द्र ने सेवाएं दीं। शिविर में सभी के लिए निशुल्क बोन मेरोडेंसिटी जांच, ईसीजी, बीपीए, शुगर भी जांच की गई। कार्यक्रम लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर डॉ. वीके अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. यूसी शर्मा, डॉ. पीके नरुला, डॉ. अशोक पालिवाल, लायंस क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष देवेश सिंह, लायन परस शर्मा, डॉ. वीके पैगवार, धीरज जैन, शंभु पालीवाल, हेमंत मिश्रा, रमेश सुल्तानिया, नवीन अग्रवाल, जूही गौराहा, नमीषा थवाईत, प्राची पाण्डेय, स्मृति गौराहा सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर औषधि विक्रेता के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के सहयोग से निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

## अनमोल वचन......

हर्षितमुखता चेहरे का सच्चा सौंदर्य है। चिड़चिड़े स्वभाव का व्यक्ति वास्तव में कुरुप है।

# बांग्लादेश में फिर टकराव की आशंका

*एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। इस माहौल से फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है। बांग्लादेश में जिन सियासी ताकतों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन में जबरदस्त एकता दिखाई थी, अब उनके बीच टकराव तीखा हो रहा है। नए चुनाव कराने के सवाल पर अंतरिम सरकार के रुख ने अन्य समूहों में अंदेशा पैदा किया है कि बीते अगस्त में फौरी तौर पर देश की कमान संभालने आए शासकों को सत्ता का स्वाद लग गया है। अब वे चुनाव नहीं कराना चाहते। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस और सरकार में शामिल पूर्व छात्र नेताओं के कुछ बयानों के बाद बांग्लादेश नेशलनिस्ट पार्टी (बीएपनी) सहित अन्य दल अंतरिम शासकों के खिलाफ खुल कर बोलने लगे हैं। इन बयानों का संदेश था कि चुनाव कराना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता नहीं है। तब से आरोप लगाए गए हैं कि अंतरिम सरकार जानबूझ कर चुनाव में देर कर रही है। संदेह जताया गया है कि हसीना को सत्ता से बाहर करने के बाद मोहम्मद यूनुस और उनके छात्र समर्थक बीएनपी को भी रास्ते से हटाना चाहते हैं। हसीना के देश से जाने के बाद उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के ख़िलाफ़ हत्या समेत अलग-अलग आरोपों में मामले दर्ज होने का सिलसिला शुरू हुआ था। उधर प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी की अध्यक्ष ख़ालिदा जिया के खिलाई कई मामलों में सज़ा रद्द की गई। जमात-ए-इस्लामी के भी कई नेता और कार्यकर्ता जेल से रिहा हुए। तब लग रहा था कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, बीएनपी, जमात और आंदोलनकारी छात्र नेता एकजुट हैं। लेकिन अब सूरत बदल गई है। एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। एक दूसरे पर इल्जाम लगाए गए हैं कि वे हसीना के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं। बीएनपी ने कहा है कि अंतरिम सरकार और जमात भारत के साथ अपने रिश्ते अच्छे करने के लिए हसीना को माफ़ कर देना चाहते हैं। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने बीएनपी पर कड़ा हमला किया। इस माहौल से देश में फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। ये धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से मधुर हो जाएंगे। आज लवमेट के साथ किसी मनोरंजक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बन सकता है।

**वृष राशि-** आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी।

**मिथुन राशि-** ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। स्थान परिवर्तन के योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ में मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का हल मिलेगा। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

**कर्क राशि-** आज अधिकारी वर्ग से आपको सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होगी। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात होने से प्रसन्नता होगी। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से मन में उत्साह रहेगा। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा। आपको अपने काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी7 आज रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां मिलेंगी। जीवनसाथी आज आपको सरप्राइज दे सकते हैं।

**कन्या राशि-** आज कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार से चल रही अनबन दूर होगी रिश्ते में पुनः मधुरता आएगी। आज आपके घर परिवार में खुशी भरा माहौल रहेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज कहीं भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्ते में समस्या आ सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिये पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जाएंगे।

**धनु राशि-** आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**मकर राशि-** आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए कांटेक्ट बनेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें। क्योंकि सभी कार्यों के बीच संतुलन बनाकर रखने में दिक्कतें आएंगी।

**कुंभ राशि-** आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जाएंगे । संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।


**मीन राशि-**आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज अपनी कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के कुछ अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं।

# एक और खतरनाक वायरस एचएमपीवी की दस्तक

- योगश कुमार गोयल -

**वर्ष 2020 में चीन से शुरू होकर कोरोना ने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनिया भर में लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है, और कोरोना की शुरुआत के 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही हैं, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।**

भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नये वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुगरे को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है, और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोटरे में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक वायरस ने इन दिनों चीन में दहशत फैला रखी है।



इस खतरनाक वायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर रहे हैं, लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोटरे में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशानों में बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)' नामक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है, और वहां के अस्पताल निमोनिया और व्हाइट लंग' के मामलों से खासे परेशान हैं। एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल, बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी महासंहारक वायरल प्रकोपों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा होते रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले सन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर नजर रखे हुए है तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल का कहना है कि बताया गया है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की आशंका है।

दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढने की अभी आशंका नहीं है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से निकलने वाले स्त्रव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी यह वायरस फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमो वायरस जीनस का हिस्सा है, जो सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है।

चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमणकाल तीन से पांच दिन होता है। इसके संक्रमण से रोग-प्रतिरोधी क्षमता कमजोर होती है। एचएमपीवी कोरोना की ही भांति सन पथ को संक्रमित करता है, हालांकि कोरोना के मुकाबले इसके कारण ऊपरी और निचले, दोनों सन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह कम पहचाना वायरस है, लेकिन दुनिया भर में मौसमी सन बीमारियों में योगदान कर रहा है। एचएमपीवी में कोरोना ही भांति फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढंकना, संक्रमितों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।

# सर्दी की ठिठुरन से मौते

- अनिल जैन -

**नया साल शुरू हो चुका है, और उससे पहले शुरू हो गई कंपकंपा देने वाली सर्दी। इस समय भी देश के विभिन्न इलाकों में शीत लहर कहर बरपा रही है, जिससे हर साल की तरह देश के विभिन्न इलाकों से लोगों के मरने की खबरें भी आ रही हैं। अब तक 150 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं। वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों और छोटे कारोबारियों की खुदकुशी के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, गरम लू के थपेड़ों और बारिश-बाढ़ से भी लोग मरते ही रहते हैं।**

मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है, और जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। ये सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के हवा-हवाई कार्यक्रमों और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उड़ातीं, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।



वैसे, सर्दी हमारे नियमित मौसम चक्र का ही हिस्सा है। कड़ाके की सर्दी इसका हल्का सा विचलन भर है। सर्दी और भीषण सर्दी अंत में हमें कई तरह से फायदे ही पहुंचाती हैं। सबसे बड़ी बात है कि कड़ाके की सर्दी हमें आस्त करती है कि ग्लोबल वार्मिंग उतनी सन्निकट नहीं है, जितना कि अक्सर हम मान बैठते हैं। ज्यादातर भारतीय इस मायने में खुशनसीब हैं कि उन्हें मौसम की विविधताएं देखने को मिलती हैं। अन्यथा दुनिया में ऐसे कम ही इलाके हैं, जहां हर मौसम का मजा लिया जा सके। हर मौसम अपने रौद्र रूप में भी सुंदर होता है, बशर्ते उसकी मार से लोगों को बचाने के इंतजामात हो। दुनिया में संभवतः भारत ही ऐसा एकमात्र देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते हैं, वे मरते हैं अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाक-चौबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन हैं। भारत के ज्यादातर हिस्सों में यूरोप जैसी ठंड नहीं पड़ती, लेकिन हमारे यहां जब हिमालय परिवार की पहाड़ियों पर गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में शीत लहर चलती है, तो देश के विभिन्न इलाकों में सर्दी की ठिठुरन से होने वाली मौतों के आंकड़े आने लगते हैं। हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बड़े शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से बड़े शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सकें। इनमें कोई साइकिल रिक्शा चलाते हैं, कोई रेस्तरांओं और ढाबों में काम करते हैं, तो कोई किसी और काम में लग जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे लोगों के पास रहने के लिए अपना कोई ठिकाना नहीं होता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे रात गुजारना उनकी मजबूरी होती है। गरमी या दूसरे मौसम में तो किसी तरह उनकी रातें कट जाती हैं, लेकिन कड़ाके की शीत लहर में एक रात भी सुरक्षित बीत जाने पर वे असीम राहत महसूस करते हैं। अगर वे सर्दीजनित किसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, तो उनके पास इतने पैसे भी नहीं होते हैं कि अपना इलाज करा सकें। सर्दी के दिनों में ऐसे जानलेवा हालात का सामना करने वाले लोगों की तादाद लाखों में होती है। सवाल यह है कि अगर इन लोगों के सामने साधनहीनता एक लाचारी है, तो कल्याणकारी मूल्यों पर चलने का दावा करने वाली सरकारों की क्या कोई जिम्मेदारी बनती है कि नहीं?

दरअसल, शहरी और अर्धशहरी इलाकों में मौसम की मार से लोगों के मरने के पीछे सबसे बड़ी वजह है शहरी नियोजन में सरकारी तंत्र की अदूरदर्शिता। जब से आवासीय कॉलोनियों की बसावट के मामले में विकास प्राधिकरणों और गृह निर्माण मंडलों की बजाय निजी भवन निर्माताओं और कॉलोनाइजरों का दखल बढ़ा है, तब से रोज कमा कर रोज खाने वालों और बेघर लोगों के लिए आवासीय योजनाएं हाशिए पर खिसकती गई हैं। करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर या टाट और प्लास्टिक आदि से बनी झोपडियों में रात बिताते हैं। बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकडियां तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए अदालतें हर साल सरकारों और स्थानीय निकायों को लताड़ती रहती हैं, लेकिन सरकारी तंत्र की मोटी चमड़ी पर ऐसी लताड़ों का कोई असर नहीं होता है।शीत लहर, बाढ़ और भीषण गरमी जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नई परिघटना नहीं हैं। ये तो पहले से आती रही हैं, और आगे भी आती रहेंगी। इन्हें रोका नहीं जा सकता। रोका जा सकता है, तो इनसे होने वाली जान-माल की तबाही को, जो सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की ईमानदार इच्छाशक्ति से ही संभव है। ताजा शीत लहर और उससे होने वाली मौतें हमें बता रही हैं कि जब मौसम के हल्के से विचलन का सामना करने तक की हमारी तैयारी नहीं है, और हमारी व्यवस्थाएं पंगु बनी हुई हैं, तो जब ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौती हमारे सामने होगी तो उसका मुकाबला हम कैसे करेंगे?

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई में श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन नौसैनिक जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर के समर्पण समारोह के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली विधानसभा से उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली में राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा, भाजपा सांसद बसुरी स्वराज के साथ, आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय जा रहे हैं।



पुणे में सेना दिवस परेड 2025 में एयर शो के दौरान लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के दौरान फीता काटा।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन भगवान शिव की पोशाक पहने एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर प्रदर्शन करते हुए।

# ऑस्ट्रेलिया के बाद अब ब्राजील ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन पर लगाया बैन, इस वजह से लिया फैसला



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने सोमवार को स्कूल में स्मार्टफोन के उपयोग को प्रतिबंधित करने वाले एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए अब ब्राजील में स्कूल में बच्चों के मोबाइल फोन उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल सीनेट में पारित किया गया।

बड़ी बात ये थी कि पक्ष और विपक्ष दोनों ने इस बिल का समर्थन किया था।यह कदम फरवरी में शुरू होने वाले नए सेशन के प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के छात्रों को प्रभावित करेगा। कानून में प्राविधान किया गया है कि छात्र ऐसे उपकरणों का उपयोग केवल आपातकालीन और खतरे के मामलों में, शैक्षिक उद्देश्यों के लिए, या यदि वे विकलांग हैं तो फोन का उपयोग कर सकते हैं।शिक्षा मंत्री कैमिलो सैन्टाना ने सोमवार को राजधानी ब्रासीलिया में पत्रकारों से कहा कि बच्चे कम उम्र में ही ऑनलाइन हो रहे हैं, जिससे माता-पिता के लिए यह ट्रैक करना कठिन हो जाता है कि वे क्या करते हैं, और स्कूल में स्मार्टफोन को प्रतिबंधित करने से उन्हें मदद मिलेगी।इस बिल को राष्ट्रपति लूला के सहयोगियों और उनके धुर दक्षिणपंथी दुश्मन, पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की तरफ से समर्थन मिला है। कई अभिभावकों और छात्रों ने भी इस कदम को मंजूरी दी।ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया से दूर रखने वाला बिल प्रतिनिधि सभा ने पिछले साल पास कर दिया था। इस बिल को वहां की प्रमुख पार्टियों का समर्थन है। इसके पक्ष में 102 और विपक्ष में 13 वोट पड़े। विधेयक के कानून बनने के बाद प्लेटफार्म्स के पास एज रिस्ट्रिक्शन लागू करने के तरीके पर काम करने के लिए एक वर्ष का समय होगा।टिकटॉक, फेसबुक, स्नैप चैट, रेडिट और एक्स, इंस्टाग्राम आदि की यह जिम्मेदारी होगी कि वह ऐसे इंतजाम करे, जिससे बच्चे यहां अकाउंट नहीं बना पाएं और इसका उपयोग न करें। ऐसा करने में विफल रहने वाले प्लेटफार्म पर 33 मिलियन डॉलर यानि ढाई अरब रुपये से अधिक का जुर्माना लगा जाएगा।आलोचको का कहना है कि इस विधेयक को संसद में बिना पर्याप्त जांच के जल्दबाजी में पारित कर दिया गया, यह कारगर नहीं होगा। सभी आयु वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए गोपनीयता का खतरा पैदा करेगा।

## युद्ध पर लगा विराम, सीजफायर के लिए राजी हुए इजरायल और हमास, अब बंधकों को किया जाएगा रिहा



**काहिरा।** इजरायल और हमास के बीच सीजफायर पर समझौता हो गया है। मंगलवार को हमास ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के बाद बंधकों व कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।दोनों देश, 15 महीनों से चल रहे युद्ध पर विराम लगाने के लिए राजी हो गए हैं। सीजफायर के दौरान हमास, गाजा में बंधक बनाकर रखे गए इजरायली नागरिकों को रिहा करेगा। बदले में इजरायल भी हमास के लोगों को छोड़ेगा।सीजफायर डील के पहले फेज में हमास 33 बंधकों को रिहा कर सकता है, जिनमें 5 महिलाएं शामिल हैं. जबकि इजरायल इसकी एवज में 250 फिलिस्तीन कैदियों को छोड़ेगा। इसके 15 दिन बाद हमास बाकी बंधकों को रिहा करेगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधक बना लिए गए। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ जंग छेड़ दी। इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में अब तक 46 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एपी को जानकारी देते हुए बताया कि अगले कुछ दिनों में युद्धविराम लागू होने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन गुरुवार को ऐतिहासिक समझौते के बारे में बोलने के लिए तैयार हो रहे हैं।समझौते में हजारों विस्थापित गाजा निवासियों की उनके घरों में वापसी, इजरायल में सैकड़ों फिलिस्तीनी बंदियों की रिहाई और हमास द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों की क्रमिक रिहाई की बात कही गई है।

## हर तरफ तबाही का मंजर, 25 लोगों ने तोड़ा दम 90 हजार घरों में बत्ती गुल



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस के जंगलों में भड़की आग काबू में नहीं आ पा रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए दमकलकर्मियों को जूझना पड़ रहा है। आग पर काबू पाने में तेज हवाएं और शुष्क मौसम बाधक बन रहा है। इलाके में बुधवार को 32 से 64 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है।इससे आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मंगलवार को अनुमान से हवा की रफ्तार कम थी, जिसके चलते कुछ जगहों पर आग बुझाने या नियंत्रित करने में सफलता मिली है।लॉस एंजिलिस चिकित्सा परीक्षक कार्यालय के अनुसार, मंगलवार को एक और व्यक्ति की मौत से आग के चलते मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। अब तक 12 हजार से अधिक ढांचों को नुकसान पहुंचा है या तबाह हो गए हैं। लाखों लोग गंभीर खतरे की जद में हैं। कई घर इस कदर तबाह हो गए हैं कि केवल चिमनी बची दिखाई दे रही है।इधर, मंगलवार को हवाएं अपेक्षा से कम तेज थीं, जिससे दिन के दौरान पैलिसेड्स और ईटन में आग बुझाने के अभियान में दो देशों के अलावा सात अमेरिकी राज्यो के करीब साढ़े आठ हजार दमकलकर्मी जुटे रहे। पैलिसेड्स के करीब 96 वर्ग किलोमीटर इलाके में आग ने तबाही मचाई है।

# महाकुंभ में वक्फ बोर्ड के खिलाफ संतों-महंतों की हुंकार, प्रवचनों में श्रद्धालुओं को कर रहे सतर्क

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में वैसे तो गंगा में स्वच्छ जल, मतांतरण, मंदिरों पर कब्जे और ज्ञानवापी-मथुरा जैसे कई राष्ट्रीय मुद्दे उठेंगे, लेकिन वक्फ बोर्ड के विरोध में भी संतों-महंतों ने हुंकार भरनी शुरू कर दी है। भजन-पूजन के बीच यह विषय गर्माने लगा है। सनातन धर्मगुरु जाति के आधार पर बोर्ड बनाने के विरुद्ध हैं। इसके विरोध में सनातन धर्मावलंबियों को गांव और कस्बों में वक्फ की भूमि का पता लगाने को प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान अखाड़ों के संतों के साथ दंडी स्वामी नगर में चल रहा है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा, महामंडलेश्वर राजेश्वर दास, निर्मोही अनी अखाड़ा के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्र दास, अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम अभियान चला रहे हैं। प्रवचन में वक्फ बोर्ड के माध्यम से कैसे संपत्ति बनाई जा रही है, उसे बताकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है कि अगर न चेते तो उनकी संपत्ति भी कब्जा कर ली जाएगी।महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा प्रतिदिन 50 श्रद्धालुओं और कल्पवासियों से मिलकर उन्हें वक्फ के खिलाफ काम करने को प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि वक्फ बोर्ड कथित तौर पर रेलवे और




रक्षा विभाग के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा भूमिधारक है। वक्फ बोर्ड पूरे भारत में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों का नियंत्रण करता है। इससे राष्ट्र को खतरा है। अधिकतर संपत्तियों को जबरन कब्जा किया गया है। इसे रोकने के लिए हिंदुओं को एकजुट होना होगा। महामंडलेश्वर राजेश्वर दास कहते हैं कि धर्म के नाम पर जाति विशेष के लोगों को बढ़ावा देना गलत है। इसके खिलाफ हिंदुओं को एकजुट होना होगा।अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम प्रवचन के दौरान प्रतिदिन 15 मिनट वक्फ बोर्ड के मुद्दों पर बोलते हैं। उन्हें बताते हैं कि वक्फ जिसे अपनी संपत्ति घोषित कर देता है, वह उसकी हो जाती है। वक्फ के खिलाफ कहीं सुनवाई नहीं होती। हिंदुओं को यह पता लगाना होगा कि उनके घर के आस-पास वक्फ की जमीन कहां है? उसका ब्योरा बनाकर धर्मगुरुओं को दिया दें। धर्मगुरु उसके आधार पर राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ेंगे।महामंडलेश्वर राजेश्वर दास का कहना है कि वक्फ बोर्ड जमीन का घोटाला कर रहा है। धर्म के नाम पर जमीनों पर कब्जा करके उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए वक्फ बोर्ड को खत्म करने की जरूरत है। यह हिंदुओं के एकजुट होने पर ही संभव होगा।धर्मगुरु सनातन धर्मावलंबियों को वक्फ की जमीन का पता लगाकर उसका ब्योरा अखाड़ों से जुड़े संतों को देने को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही उसका ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद व विधायकों को देकर सदन में आवाज उठाने का दबाव बनाएं।

## पंजाब पुलिस की गोलीबारी में गैंगस्टर रणजीत सिंह राणा ढेर दोनों ओर से चली ताबड़तोड़ गोलियां, एक जवान भी घायल



**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन के कस्बा हरिके में रविवार को आढ़ती राम गोपाल की गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस की ओर से नामजद किए गए गैंग्स्टर रणजीत सिंह राणा की बुधवार को गुरदासपुर जिले के कस्बा बटाला के गांव रंगड़ नंगल के पास पुलिस से मुठभेड़ में घायल होने के बाद मौत हो गई।इस मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रंगड़ नंगल थाने के अंतर्गत बुधवार शाम नाके के दौरान पुलिस पार्टी ने एक बाइक सवार को रोकने की कोशिश की। बाइक सवार आरोपित रणजीत सिंह राणा ने पुलिस पर गोलियां चलाकर वहां से फरार होने की कोशिश की।पुलिस ने अपने बचाव में जवाबी कार्रवाई कर राणा को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया परंतु वहां उसकी मौत हो गई। आढ़ती राम गोपाल की रविवार को दो शूटरों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। कुछ ही घंटे के बाद दोनों शूटरों को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था।एनकाउंटर में एक शूटर को गोली लगी थी जबकि दूसरा शूटर भागने के चक्कर में अपनी टांग तुड़वा बैठा था। मामले की जांच को आगे बढ़ी तो पता चला कि राणा ने आढ़ती राम गोपाल की हत्या करवाई थी।राणा ने 7 अक्टूबर को कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के करीबी व गांव तलवंडी मोहर सिंह के पूर्व सरपंच राजविंदर सिंह उर्फ राज गिल की भी गोलियां मारकर हत्या करवाई थी।बताया जा रहा है कि राणा विदेश में बैठे गैंग्सटर प्रभ दासूवाल व बलविंदर सिंह दोनी का करीबी है। राणा पर थाना तरनतारन, मजीठा आदि में पहले से ही केस दर्ज हैं।घटना को लेकर डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि बटाला पुलिस के साथ हई मुठभेड़ में आरोपित रंजीत सिंह की मौत हो गई है। जबकि पुलिस का एएसआई भी गोली लगने से घायल हो गया है। फिलहाल घायल आरोपित को बटाला सिविल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया है।मृतक आरोपित रणजीत सिंह का सबंध विदेश में बैठे गैंगेस्टों से ससथ थे।

### बसों और ट्रेनों में खचाखच भीड़, महाकुंभ जाने के लिए 10-10 हजार की मिल रही फ्लाइट की टिकट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से होकर प्रयागराज के लिए जाने वाली ट्रेनें फुल हो गई हैं। महाकुंभ के मद्देनजर 25 फरवरी तक ट्रेनें फुल रहेंगी। ज्यादातर ट्रेनें वेटिंग में चल रही हैं। ऐसे में श्रद्धालु बस से प्रयागराज जा रहे हैं। वहीं फ्लाइट का टिकट भी महंगा हो गया है। 25 फरवरी तक 10 हजार रुपये तक का टिकट है। वहीं कोहरे के कारण कई ट्रेन अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं।प्रयागराज में कुंभ मेला लग रहा है।

### अन्य देशों से टैरिफ आय इकट्ठा करने की योजना बना रहे ट्रंप, नई ईआरएस एजेंसी बनाने की घोषणा की



**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को विदेशी देशों से टैरिफ और अन्य राजस्व इकट्ठा करने के लिए बाहरी राजस्व सेवा (एक्सटर्नल रेवेन्यू सर्विस) नाम की एक नई एजेंसी बनाने की योजना की घोषणा की। इसकी घोषणा ट्रंप ने मंगलवार को अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर दी।ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि हम उन लोगों से शुल्क लेना शुरू करेंगे जो व्यापार में हमसे पैसा कमाते हैं और इसके बाद हमें भुगतान करना शुरू कर देंगे। उन्होंने अपनी योजना की तुलना आंतरिक राजस्व सेवा से की, जो देश की घरेलू कर संग्रहकर्ता है। उनका मानना है कि यह एक अच्छा कदम होगा।हालांकि एक नई एजेंसी के निर्माण के लिए कांग्रेस के एक अधिनियम की आवश्यकता होती है, और रिपब्लिकन के पास सदन और सीनेट दोनों में बहुमत होता है।

## महेश्वर से हो सकती है धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद की घोषणा, कैबिनेट बैठक से पहले अटकें तेज




**भोपाल।** प्रदेश के धार्मिक नगरों में सरकार आगामी वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल 2025 से शराब दुकानें बंद करेगी। यह प्रविधान नई आबकारी नीति में किया जा रहा है। सरकार अपने इस कदम की घोषणा 24 जनवरी को महेश्वर में होने वाली कैबिनेट बैठक में कर सकती है।महेश्वर भी धार्मिक नगरी है और यहां भी शराब दुकानें नगरीय सीमा में बंद होंगी। कैबिनेट बैठक से पहले हुई बैठक में मंत्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के इस निर्णय का स्वागत किया।बैठक प्रारंभ होने से पहले पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि धार्मिक नगरों से शराब दुकानें बंद करने का निर्णय प्रशंसनीय है। हम सनातनवंशी और नर्मदांचलवासी हैं। इसका स्वागत करते हैं। वहीं, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी इस कदम को समाज हित में बताया।उल्लेखनीय है कि साधु-संतों ने मुख्यमंत्री से धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद करने की मांग की थी, जिस पर पिछले दिनों उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए नई नीति में प्रविधान करने की बात कही।सूत्रों का कहना है कि आबकारी नीति का प्रारूप तैयार हो चुका है। मंत्रिमंडलीय समिति में इस पर विचार हो चुका है। महेश्वर में 24 जनवरी को कैबिनेट बैठक प्रस्तावित की गई है। संभावना जताई जा रही है कि वहीं नीति को मंजूरी देकर घोषणा की जा सकती है। वहीं, कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए अहाते का विकल्प मिनी बार के रूप में लाया जा सकता है। यह शराब दुकान से 100 मीटर के दायरे में ही होंगे। इसके लिए लाइसेंस लेना होगा। अवैध बिक्री रोकन पर रहेगा विशेष ध्यान- उधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धार्मिक नगरों से शराब दुकानें बंद करने के बाद अवैध शराब न बिके, इस पर विशेष ध्यान देना होगा।आबकारी के साथ-साथ पुलिस के अमले को भी मुस्तैदी दिखानी पड़ेगी। वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए शराब के मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी और सख्ती भी होगी।

# सत्ता का नशा सिर पर न चढ़ने दें, महायुति विधायकों से बातचीत में क्या बोले पीएम मोदी ?

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महायुति विधायकों से बातचीत करते हुए उन्हें सलाह दी कि वे सत्ता के मद में चूर न हों और हमेशा याद रखें कि सत्ता का मतलब लोगों की सेवा करना मात्र है।महाराष्ट्र की जनता द्वारा महायुति को भारी बहुमत दिए जाने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी तीनों गठबंधन सहयोगियों के विधायकों से खुलकर बातचीत करना चाहते थे। बुधवार की सुबह उन्होंने तीन स्वदेशी युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किए और शाम को उन्हें नई मुंबई में एक मंदिर का उद्घाटन करना था।इन दो कार्यक्रमों के बीच थोड़े अंतराल में उन्होंने महायुति के विधायकों के साथ दोपहर का भोजन करने का फैसला किया। इसके लिए नौसेना डॉकयार्ड के ही परिसर के एक भाग आईएनएस आंग्रे के सभागार में व्यवस्था की गई, जहां प्रधानमंत्री ने विधायकों से 90 मिनट से अधिक समय तक बातचीत की।



इस बातचीत से पहले विधायकों को यह सलाह भी दी गई कि वे प्रधानमंत्री के साथ अपनी बातचीत के बारे में मीडिया से बात न करें। कई विधायकों ने निर्देशों का पालन किया और कोई भी जानकारी देने से इंकार कर दिया। जिन अन्य लोगों ने जानकारी दी, उन्होंने भी नाम न बताने की शर्त पर ऐसा किया। राज्य विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोरहे ने कहा कि बातचीत में कुछ भी राजनीतिक नहीं था।भाजपा के एक वरिष्ठ विधायक और एक पूर्व मंत्री ने इस बातचीत को 'बौद्धिक' करार दिया। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भाषा का एक शब्द है जिसका इस्तेमाल बौद्धिक चर्चा के लिए किया जाता है। वहीं शिवसेना के एक एमएलसी ने कहा कि वे इस बातचीत से अभिभूत हैं, क्योंकि ऐसा लग रहा था कि परिवार का मुखिया परिवार के अन्य सदस्यों से बात कर रहा है और ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि कोई बॉस अपने अधीनस्थों को निर्देश दे रहा है।एक भाजपा एमएलसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जीवन की घटनाओं के बारे में बताया और पिछले कुछ वर्षों में जो कुछ सीखा है, उसे सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि पूरी बातचीत बहुत प्रेरणादायक थी।भाजपा के एक वरिष्ठ विधायक के अनुसार प्रधानमंत्री ने हमें सलाह दी है कि हम जनता से संपर्क न खोएं और भारी जनादेश के बाद सत्ता को अपने सिर पर हावी न होने दें। भारी जनादेश का मतलब है कि लोगों ने हम पर बहुत भरोसा और विश्वास जताया है और अब हमें उनकी उम्मीदों को पूरा करना होगा।विपक्ष का हमला अब और भी तीखा होगा और हमें अपने काम के जरिए उनका मुंहतोड़ जवाब देना होगा। प्रधानमंत्री ने महायुति विधायकों को यह भी सलाह दी कि वे अपने भीतर नई चीजों को समझने और सीखने की चाहत को खत्म न होने दें। इस संबंध में उन्होंने राज ठाकरे के 2011 के गुजरात दौरे का भी जिक्र किया और इस पहल के लिए उनकी प्रशंसा की।बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ने विधायकों से कहा कि आपको भी देश में कहीं भी हो रही किसी भी अच्छी चीज पर नजर रखनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने गुजरात में अपने अनुभवों के व्यापक उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक सत्ता को मजबूती से कायम रखा जा सकता है और साथ ही अलोकप्रियता को भी पनपने से रोका जा सकता है।

## चुनाव के सीसीटीवी फुटेज को लेकर जयराम रमेश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया एक्शन, ईसी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से चुनाव के सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्ट फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है।



कोर्ट ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश की याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने के सामने जयराम की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस करते हुए कहा कि चुनाव संचालन नियम 1961 में बड़ी चालाकी से संशोधन करके सीसीटीवी फुटेज को यह कहते हुए सार्वजनिक पहुंच से प्रतिबंधित कर दिया गया है कि इससे वोटर की पहचान खुल सकती है।नोटिस जारी होने के बाद सिंघवी ने पीठ से कहा कि केंद्र और चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वह अगली तारीख तक जवाब दाखिल कर दें अन्यथा अगली तारीख पर वे लोग कहेंगे कि जवाब दाखिल किया जाएगा। हालांकि सीजेआई ने कहा कि वे जवाब दाखिल करेंगे।केंद्र सरकार ने गत दिसंबर में चुनाव आयोग की सिफारिश पर चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन कर सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्ट फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया है ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके।निर्वाचन आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे गए कागजात या दस्तावेज को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 (2)(ए) में संशोधन किया है।नियम 93 कहता है कि चुनाव से संबंधित सभी दस्तावेज सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे जाएंगे लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। हालांकि नियमों में संशोधन के बाद भी उम्मीदवारों के लिए ये दस्तावेज उपलब्ध होंगे।जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर संशोधनों को चुनौती देने की जानकारी देते हुए पिछले दिनों एक्स पर पोस्ट में लिखा था कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, उसे सार्वजनिक परामर्श के बगैर एकतरफा इतने महत्वपूर्ण कानून में इस तरह संशोधन की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिखाई हॉटनेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर में अबतक 14 से ज्यादा फिल्मों, सीरियल और सीरीज में काम किया है। वो भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

प्रज्ञा जैसवाल की हालिया फोटोशूट कराई गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो कलर की बेहद ही खूबसूरत सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

खुले बाल, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक ग्लैमरस। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।



## लकी भास्कर के बाद मीनाक्षी चौधरी के हाथ लगी एक और फिल्म, श्रीलीला को किया रिप्लेस

नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है।

पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरुआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया।

इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनाक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है

श्रीराम को राज्याभिषेक के बदले अचानक चौदह वर्ष का वनवास हुआ। सीताजी ने तत्काल अपने कर्तव्य का निश्चय कर लिया। श्रीराम के द्वारा अयोध्या में रहने के आग्रह के बाद भी सीताजी ने सभी सुखों का त्याग कर दिया और वे श्रीराम के साथ वन को चली गयीं।

भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं। भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है। रामायण ग्रंथ के मुताबिक प्राचीन काल में मिथिलापुरी में सीरध्वज जनक नाम के प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। वे शास्त्रों के ज्ञाता, परम वैराग्यवान तथा ब्रम्हज्ञानी थे। एक बार राजा जनक यज्ञ के लिए भूमि जोत रहे थे। भूमि जोतते समय हल का फाल एक घड़े से टकरा गया। राजा ने वह घड़ा बाहर निकलवाया। उससे राजा को अत्यन्त ही रूपवती कन्या की प्राप्ति हुई। राजा ने उस कन्या को भगवान का दिया हुआ प्रसाद माना और उसे पुत्री के रूप में बड़े लाड़ प्यार से पाला। उस कन्या का नाम सीता रखा गया। जनक की पुत्री होने के कारण वह जानकी भी कहलाने लगीं।

धीरे धीरे जानकीजी विवाह योग्य हो गयीं। महाराज जनक ने धनुष यज्ञ के माध्यम से उनके स्वयंवर का आयोजन किया। निमंत्रण पाकर देश विदेश के राजा मिथिला में आये। महर्षि विश्वामित्र भी श्रीराम और लक्ष्मण के साथ यज्ञोत्सव देखने के लिए मिथिला में पधारे। राजा जनक को जब उनके आने का समाचार मिला तब वे श्रेष्ठ पुरुषों और ब्राह्मणों को लेकर उसने मिलने के लिए गये। श्रीराम की मनोहारिणी मूर्ति देखकर राजा विशेष रूप से विदेह हो गये। विश्वामित्र जी ने श्रीराम के शौर्य की प्रशंसा करते हुए महाराज जनक से अयोध्या के दशरथनंदन के रूप में उनका परिचय कराया। परिचय पाकर महाराजा जनक को विशेष प्रसन्नता हुई।



पुष्पवाटिका में श्रीराम-सीता का प्रथम परिचय हुआ। दोनों चिरप्रेमी एक दूसरे की मनोहर मूर्ति को अपने हृदय में रखकर वापस लौटे। सीताजी का स्वयंवर आरंभ हुआ। देश विदेश के राजा, ऋषि मुनि, नगरवासी सभी अपने अपने नियत स्थान पर आसीन हुए। श्रीराम और लक्ष्मण भी विश्वामित्र जी के साथ एक ऊंचे आसन पर विराजमान हुए। भाटों ने महाराज जनक के प्रण की घोषणा की। शिवजी के कठोर धनुष ने वहां उपस्थित सभी राजाओं के दर्प को चूर चूर कर दिया। अंत में श्रीरामजी विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष के समीप गये। उन्होंने मन ही मन गुरु को प्रणाम करके बड़े ही आराम से धनुष को उठा लिया। एक बिजली-सी कौंधी और धनुष दो टुकड़े होकर पृथ्वी पर आ गया। प्रसन्नता के आवेग और सखियों के मंगल गान के साथ सीताजी ने श्रीराम के गले में जयमाला डाली। महाराज दशरथ को जनक का आमंत्रण प्राप्त हुआ। श्रीराम के साथ उनके शेष तीनों भाई भी जनकपुर में विवाहित हुए। बारात विदा हुई तथा पुत्रों और पुत्रवधुओं के साथ महाराजा दशरथ अयोध्या पहुंचे।

श्रीराम को राज्याभिषेक के बदले अचानक चौदह वर्ष का वनवास हुआ। सीताजी ने तत्काल अपने कर्तव्य का निश्चय कर लिया। श्रीराम के द्वारा अयोध्या में रहने के आग्रह के बाद भी सीताजी ने सभी सुखों का त्याग कर दिया और वे श्रीराम के साथ वन को चली गयीं। सीताजी वन में हर समय श्रीराम को स्नेह और शक्ति प्रदान करती रहती थीं। वन में रावण के द्वारा सीता हरण करके उन्हें समुद्र के पार लंका ले जाना रामायण में नया मोड़ लाता है। रावण ने सीताजी को विवाह का प्रस्ताव दिया जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। हनुमानजी जब सीताजी को खोजते खोजते लंका पहुंचे तो वह उन्हें अशोक वाटिका में कैद मिलीं। उन्होंने सीताजी को प्रणाम कर भगवान श्रीराम का संदेश दिया। इसके बाद सीता माता की कुशलता की जानकारी उन्होंने भगवान तक पहुंचायी जिसके बाद भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई कर रावण और अन्य दुष्टों का वध किया और सीताजी को पुनरू प्राप्त किया। लंका प्रवास भगवती सीता के धैर्य की पराकाष्ठा है। भगवती सीताजी के कारण ही जनकपुर वासियों को श्रीराम का दर्शन और लंकावासियों को मोक्ष प्राप्त हुआ।

# किडनी को खराब कर सकती हैं ये 3 आदतें, लोग करते हैं गलतियां

हेल्थ को ठीक रखने के लिए सही मात्रा में पानी पीना अच्छा होता है। पानी पीना जरुरी नहीं बल्कि सही तरीके से पीना अच्छा हो जाता है। दरअसल पानी पीने कुछ गलतियां हो जाती है, जो किडनी पर असर करती है।

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पानी पीना सही ढंग से भी काफी जरुरी है। सही खाना और सही मात्रा में पानी पीने से ओवरऑल हेल्थ बनी रहती है। अगर शरीर में सही ढंग से पानी पी लिया, तो शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी पूरी हो सकती है। पानी पीने से शरीर में जमी गंदगी और टॉक्सिंस को भी बाहर करता है, जिससे कई बीमारियों के पनपने का खतरा कम हो जाता है। अगर आप भी पानी पीते हैं आप भी यह गलतियां कर रहे हैं, तो आपको तुरंत इन्हें सुधारने की जरुरत है।

**कम पानी पीना**

प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीना काफी जरुरी है। जिससे किडनी भी अच्छी तरह काम करे इसके लिए भी पानी का सही मात्रा बहुत जरुरी है। पानी पीने से शरीर से टॉक्सिंस की मात्रा कम हो जाती है, जो किडनी में जा कर फंस जाते हैं। जिसके चलते किडनी डैमेज होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए आप सर्दी हो या गर्मी सही मात्रा में पानी जरुर पिएं।

**ज्यादा पानी पीना हानिकारक**

कम पानी पीना हानिकारक है वैसे ही अधिक से ज्यादा पानी पीना भी खतरनाक हो सकता है। बता दें कि, नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक रोजाना



आठ गिलास पानी पीने के नियम सभी पर लागू नहीं होते है। क्योंकि सभी के शरीर अलग है, हेल्थ कंडीशंस भी अलग है इसलिए रोजाना कितनी मात्रा में पानी पीना है, ये कई फैक्टर जैसे - व्यक्ति की उम्र, मौसम, फिजिकल एक्टिविटी लेवल पर निर्भर करता है व्यक्ति को कितना पानी पीना चाहिए।

**खड़े होकर पानी न पिएं**

कभी भी खड़े होकर पानी नहीं पीना चाहिए। चाहे कितनी भी जल्दबाजी क्यों न हो, इसके साथ ही फटाफट पानी भी नहीं पीना चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक जब हम खड़े हो कर पानी पीते हैं, तो पानी बिना ठीक से फिल्टर हुए, तेजी से शरीर के निचले हिस्से की ओर बढ़ता है। इस समय पानी में मौजूद अशुद्धियां पित्ताशय की थैली में जमा होने लगता है। जिसके कारण यूटीआई इन्फेक्शन जैसी बीमारियों और किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

# शरीर में आयरन की कमी को दूर करता है ये 3 फूड्स, आज ही खाना शुरु कर दें

आयरन की कमी से शरीर में कई सारी बीमारियां देखने को मिलती हैं। अगर बॉडी में आयरन की कमी हो जाए तो हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो जाता है। खून की कमी से चक्कर आना, बेचैनी, कमजोरी और चेहरा पीला पड़ जाता है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में आयरन सबसे ज्यादा कॉमन न्यूट्रिशनल डिफिसिएंसी है। जिसे पूरा करना सबसे ज्यादा जरुरी है। आयुर्वेद में ऐसे फूड्स बताए गए हैं जो शरीर में खून की कमी पूरी करते हैं जिससे आयरन लेवल बढ़ता है। आइए आपको बताते हैं किन फूड्स का सेवन करना जरुरी है।

**काला तिल**

आयरन की कमी को पूरा करने के लिए सबसे अच्छा सोर्स काले तिल हैं। जो न केवल शरीर में आयरन का स्तर बढ़ाता है बल्कि कैल्शियम, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक, सेलेनियम और विटामिन बी 6, ई और फोलेट होता है। प्रतिदिन काले तिल के बीज को भूनकर खाने से पोषण मिलता है।



**गुड़ और चना**

शरीर में खून की कमी को दूर करने के लिए आप गुड़ और चना खा सकते हैं। गुड़ में आयरन का सबसे अच्छी मात्रा होती है। चना प्रोटीन, फाइबर और मैंगनीज के साथ ही आयरन का रिच सोर्स है। इन दोनों को मिलाकर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने में मदद करता है।

**शहद और आंवला का मिक्सचर**

शहद और आंवले के सेवन से करने से आयरन की कमी दूर होती है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने का सबसे अच्छा सोर्स है। इसे आप शहद और काली मिर्च के साथ मिलाकर खा सकते हैं। यह ना केवल डाइजेशन में हेल्प करता है और आयरन, विटामिन की कमी को भी शरीर में पूरा करता है।

# मिनटों में दूर होगी डैंड्रफ की समस्या, घर पर बनाएं ये हेयर पैक, एक बार में ही दिखेगा असर

बालों में डैंड्रफ की समस्या हर किसी को परेशान करती है। बालों में डैंड्रफ की वजह से आप खुजली से परेशान हो गए हैं तो आप अपने घर में काफी आसान तरीके से ये हेयर पैक बना सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपको काफी राहत मिलेगी।

सर्दियों में डैंड्रफ की समस्या सबसे अधिक होती है। इन दिनों डैंड्रफ की समस्या सबसे कॉमन है। ज्यादातर लोगों के बालों में ये समस्या रहती है। इस समस्या के कारण बाल खराब हो जाते हैं, स्कैल्प ड्राई दिखने लगता है, जिस कारण से हम कोई भी आउटफिट पहनें तो कपड़ों पर डैंड्रफ दिखाई देता है। इसलिए हमें पार्लर जाकर महंगे ट्रीटमेंट या प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, जरुरी नहीं है कि इसका असर रहे। इसलिए आप चाहे तो घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकते हैं। आइए आपको इन नुस्खे के बारे में बताते हैं।

**हेयर पैक बनाने के लिए सामग्री**

एलोवेरा जेल- 2 चम्मच
करी पत्ता - 10 से 12
शहद - 1 चम्मच
नींबू का रस

**हेयर पैक बनाने का तरीका**

सबसे पहले आप एक बाउल में फ्रेश एलोवेरा जेल निकाल लें।
फिर करी पत्ते को अच्छे से मैश करें।
अब इसमें एलोवेरा जेल को मैश करें।



इसके बाद इसमें शहद को मिला लीजिए।
अब इसमें नींबू को मिक्स करें।
इस पेस्ट को तैयार करें।

**कैसे लगाएं बालों में लगाएं हेयर पैक**

सबसे पहले अपने बालों को कॉम्ब करें।
इसके बाद स्कैल्प में इस पैक को यूज करें।
इसे लगाने के बाद अच्छे से मसाज करें।
अब इसको 30 मिनट तक लगाएं रखें।
आखिर में इसे शैंपू से साफ कर लें।
इसके यूज से आपकी डैंड्रफ की समस्या कम हो जाएगी।

# सर्दियों में बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? रोजाना इतनी देर पहनने से खतरा



आजकल लगभग सभी घरों में छोटे बच्चों को डायपर पहनाए जाते हैं. सर्दियों में बच्चे ज्यादा टॉयलेट करते हैं. ऐसे में बार-बार उनके कपड़े गीले हो जाते हैं. कपड़े भीगने की वजह से उन्हें सर्दी न लगे इसलिए इस मौसम में बच्चों को रात के साथ-साथ दिन में लोग डायपर पहना देते हैं. ताकि उनके कपड़े न बदलने पड़े. डायपर पहनाने से मम्मियों को इस टेंशन से राहत मिल जाती है कि अगर बच्चा सू-सू या पॉटी कर लेगा तो दिक्कत नहीं होगी. लेकिन क्या आपको पता है रोजाना हर समय डायपर बच्चों को पहनना उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है.

**इतनी देर पहनाएं डायपर**

चाइल्ड स्पेशलिस्ट के अनुसार अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की स्किन पर रैशेज, दाने और खुजली की दिक्कत न हो तो एक डाइपर दो घंटे से ज्यादा देर तक नहीं पहनाना चाहिए. क्योंकि लंबे समय तक डायपर पहनाने से बच्चे की स्किन को हवा नहीं मिल पाती है. इससे उन्हें नुकसान हो सकता है. सर्दियों में थोड़ी-थोड़ी देर बाद डाइपर चेक करना चाहिए कि वह भर तो नहीं गया है. डाइपर बदलने के बाद बच्चे को कुछ देर खुला छोड़ना चाहिए.

बच्चों को ज्यादा देर तक डायपर पहनाने के नुकसान

* हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार बच्चे को रोजाना बहुत देर तक डायपर पहना कर रखना सही नहीं है. बच्चे बोल नहीं पाते हैं, ऐसे में उन्हें असुविधा भी होती है तो माता पिता को समझना मुश्किल होता है.

* सर्दियों में बच्चों को डायपर पहन कर रखने से उनकी त्वचा पर नमी बनी रहती है. ऐसा लंबे समय तक होने की वजह से स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है.

* बच्चों की स्किन नाजुक होती है. सर्दियों में स्किन और ज्यादा सेंसटिव हो जाती है. डायपर में सिंथेटिक फाइबर रंग या कुछ हार्श केमिकल उत्पादों का इस्तेमाल होता है. ऐसे में ये सभी बच्चों की स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

# शब्द सामर्थ्य -298


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 297 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन की कार्यशैली जांच के दायरे में

## आरोपी की जांच जरूरी

**चरचा कालरी।** सरस्वती शिशु मंदिर चरचा कालरी में मनमानी व हेरा फेरी के निरंतर नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर चर्चा के वर्तमान कोषाध्यक्ष के द्वारा चर्चा थाने में 28 लाख रुपए की हेरा फेरी की शिकायत कर पुलिस थाने में प्रकरण पंजीबद्ध दर्ज कराया गया था जबकि हेरा फेरी का यह मामला उससे भी कई गुना ज्यादा है थाने में मामला दर्ज करने के बाद अभी तक विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 28 लाख रूपों की हेरा फेरी की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई जॉकी जो की बेहद सोचनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है विद्यालय से संबंधित अब एक और हेरा फेरी की चर्चा काफी जोरों पर है सूत्रों के अनुसार विद्यालय द्वारा वर्ष 2015-16 में 18 लाख रुपए की लागत से विद्यालय के लिए बस खरीदी की गई थी जिससे आसपास के छात्र-छात्राओं को विद्यालय लाया जा सके और स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाए बस खरीदने के बाद



निरंतर संचालन चला काफी संख्या में बच्चे बस के माध्यम से आते थे व नियमित रूप से बस का शुल्क भी विद्यालय को देते थे कोरोना संक्रमण काल के दौरान वर्ष 2019 में स्कूल बस खड़ी कर दी गई जो 2024 तक खड़ी रही इसके पश्चात 2024 में बिना निविदा बुलाए मनमाने तरीके से बस को 640000 में बेच दिया गया स्कूल बस के संचालन के दौरान विद्यालय के बाबू और प्राचार्य मिलकर मनमाने तरीके से बिल मेंटेन करते थे रिपेयरिंग के नाम पर काफी लंबी राशि की हेरा फेरी की गई इसी क्रम में डीजल खरीदने में भी काफी ज्यादा की रकम दर्शित की गई विद्यालय की बस संचालन से प्राप्त होने वाली प्रति माह की राशि, मरम्म,त डीजल खरीदी आदि किसी भी चीज काबिल या जानकारी विद्यालय के ऑडिट रिपोर्ट में नहीं है और नहीं किसी भी डायरी अथवा रजिस्टर में उल्लेख किया गया है विद्यालय के द्वारा बस से संबंधित कोई भी रिकॉर्ड नहीं है विद्यालय में रिकॉर्ड ना होना अपने आप में सवालिया प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट होता है कि जानबूझकर रिकॉर्ड मेंटेन नहीं किया गया इस संदर्भ में विस्तृत जांच कार्यवाही से सच्चाई सामने आएगी

वर्तमान विद्यालय प्रबंधन को आईविद्यालय के समस्त आचार्य व प्राचार्य की शैक्षणिक योग्यता की भी जांच करनी चाहिए सूत्र के अनुसार विद्यालय में कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं जिनकी जन्मतिथि से संबंधित कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक की अंक सूची जिसमें वास्तविक जन्मतिथि रहती है विद्यालय में जमा नहीं की गई है इन अंकसूचियो में वास्तविक जन्म तिथि है जबकि दसवीं के पश्चात आगे की पढ़ाई से संबंधित दस्तावेज जो जमा किए गए हैं उसमें जन्मतिथि अलग है इस प्रकार यह भी अपने तरह का एक फर्जी वालाडा है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व की अंकसूचियों की जांच न करना अपने आप में बेहद संदेह प्रद है साथ ही उनके कार्यशैली पर सवालिया प्रश्न चिन्ह है ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान विद्यालय प्रबंधन जानबूझकर आंखें बंद किए हुए हैं और ऐसे तत्वों को संरक्षण प्रदान कर रहा है विद्यालय प्रबंधन की कार्यशाली से निश्चित ही विद्यालय की छवि धूमिल हो रही है और भविष्य भी अंधकार मय प्रतीत हो रहा है विद्यालय प्रबंधन को पूरी पारदर्शिता से कार्य करते हुए विद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।


## आत फटने के बाद डॉक्टर संकल्प शर्मा द्वारा दूरबीन से ऑपरेशन करके मरीज की जान बचाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शर्मा हॉस्पिटल में सूरजपुर जिले का गंभीर हालत में एक व्यक्ति 31 दिसंबर को आत फटने के बाद डॉक्टर संकल्प शर्मा द्वारा दूरबीन से ऑपरेशन करके मरीज की जान बचाई भगवान का आशीर्वाद उनके ऊपर बना रहे इस क्षेत्र के जनता को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े संकल्प को बहुत-बहुत आशीर्वाद 14 जनवरी को उनकी छुट्टी हो गई कुशलतापूर्वक अपने परिवार के पास पहुंच गए ।

निर्धारित गाईड लाईन को दरकिनार कर, किसानों के खातों में धडल्ले से की जा रही है धान खरीदी

## वॉइस ऑफ रायपुर में कोरिया के आयुष को दूसरा स्थान

**बैकुंठपुर।** बीते दिनों रायपुर में वॉइस ऑफ रायपुर मेरी आवाज सुना



प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें देशभर के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इसी कार्यक्रम में कोरिया जिले के आयुष नामदेव भी शामिल हुए और अपनी आवाज से दर्शकों व निर्णायकों को आकर्षित किया। प्रतियोगिता में आयुष को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। यहां बता दें कि स्वदेशी मेला छत्तीसगढ़ राज्य का प्रसिद्ध मेला है। इसमें प्रदेश व देश के बड़े-बड़े ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाने पहुंचते हैं।

## भाजपाइयों ने किया वन मंत्री केदार का स्वागत

**उदयपुर।** भाजपाइयों ने उदयपुर शिव मंदिर के पास प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप का पटाखे से जोरदार आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस मौके पर उनके निज सचिव तीर्थराज अग्रवाल भी मौजूद रहे। वन मंत्री रायपुर से अंबिकापुर बैठक में शामिल होने जा रहे थे इस दौरान भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल के नेतृत्व में उदयपुर भाजपाइयों ने बस स्टैंड शिव मंदिर के पास फूल माला के साथ साल व भगवा गमछा भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, अनिल प्रताप सिंह, राधेश्याम ठाकुर, श्यामलाल जायसवाल, दीपक सिंघल, राजेश कश्यप सहित अन्य भाजपा नेता शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से हर नागरिक का पक्का मकान बनाने का सपना होगा पूरा: डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला प्रशासन कोरिया पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कलेक्टर कोरिया, श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखंड सोनहत का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. चतुर्वेदी ने अपने निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा, धान खरीदी, शासकीय निर्माण कार्यों और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का अवलोकन किया।

ग्राम पंचायत सलगवाकला पहुंच कर नाडेप निर्माण कार्य का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत सोनहत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और बस स्टैंड में निर्माणाधीन शासकीय दुकानों की गुणवत्ता की समीक्षा की। ग्राम पंचायत पोंडी में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहे रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। सीईओ ने हितग्राही श्री रामशरण और रामकरण से आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की अपील।

धान खरीदी केंद्र, पोंडी पहुंचकर खरीदी प्रक्रिया का निरीक्षण कर मौसम को देखते हुए धान के सुरक्षित



भंडारण के निर्देश दिए, ग्राम पंचायत अकलासरई में आंगनबाड़ी केंद्र के पास शौचालय निर्माण कार्य की प्रगति देखी। इसके अलावा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार मूलक कार्यों का निरीक्षण किया, सामुदायिक कुएं और भूमि समतलीकरण कार्य का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यक्रम, ग्रामीणों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सोनहत के सीईओ मनोज कुमार जगत, कार्यक्रम अधिकारी और

## कोरबा से बैकुंठपुर तक नए राष्ट्रीय राजमार्ग की मांग, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति



कोरिया / छत्तीसगढ़- कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कटघोरा-अंबिकापुर (ह॥-130) के चोटियां से बैकुंठपुर (N H-78) तक 75 किमी लंबे सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। उन्होंने सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मांग की है।

कोरबा और बैकुंठपुर जिले छत्तीसगढ़ के प्रमुख औद्योगिक और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं। यहां आवागमन के लिए केवल सड़क मार्ग ही उपलब्ध है। इस मार्ग पर कई प्रमुख कोयला खदानें जैसे चोटियां कोयला खदान, रानी अटारी, विजयपुर खदान, और चिरमिरी कोयला खदान स्थित हैं। इन खदानों और औद्योगिक केंद्रों के कारण सड़क पर यातायात का दबाव अत्यधिक है, जिससे यह मार्ग खराब स्थिति में है। इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों और उद्योगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। यह मार्ग ह॥-130 और N H-78 के बीच एक कनेक्टिविटी कॉरिडोर का कार्य करेगा, जिससे औद्योगिक गतिविधियों और व्यापार को बल मिलेगा। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुगम आवागमन और जीवनस्तर में सुधार का लाभ मिलेगा।

# राईस मीलों के धान किसानों के खाते में खप रहे खरीदी केन्द्रों में

**कोरिया बैकुंठपुर।** धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन को दरकिनार कर किसानों के खातों में धडल्ले से धान की खरीदी की जा रही है, गड़बड़ी करते हुए कुछ किसान अपने खातों के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पकड़े भी जा रहे हैं जहां कार्यवाही के नाम पर उनके धान को अधिकारीयों द्वारा जप्त कर मामले को समाप्त कर दिया जा रहा है, अगर सूक्ष्मता से जांच किया जाये तो इसमें धान खरीदी केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी से लेकर राईस मील संचालक व क्षेत्र में दुकान लगाकर धान खरीदी करने वाले कई व्यापारीयों की संलिप्तता भी उजागर हो सकती है लेकिन अधिकारियों द्वारा महज कोरम पूरा करने जैसी कार्यवाही करने की वजह से धान खरीदी केन्द्रों में हो रही फर्जी धान खरीदी नहीं रूक रही है जिससे सरकार को करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है। आलम यह है कि अगर अधिकारी हर रोज धान खरीदी केन्द्रों में छापामार कार्यवाही करना शुरू कर दिये तो हर रोज गड़बड़ी मिलेगी या धान खरीदी में हो रही गड़बड़ी बंद हो जायेगी जिससे सरकार का नुकसान नहीं हो पाएगा।



धान खरीदी केन्द्रों में इस तरह के फर्जी खरीदी की बात आ रही है सामने -

कुछ किसान व कोचिया सांठ गांठ कर प्रति क्वींटल 800 रूपए लाभ कमाने के लिए धान उपलब्ध न होने के बाद भी दुकान खोलकर धान खरीदी करने वाले व्यापारियों, गांव गांव में घूमकर धान खरीदने वाले कोचियों सहित सीधे राईस मील से धान खरीद कर धान खरीदी केन्द्रों में ले जाकर खातों में बेच रहें साथ ही धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी को 2500 रूपए प्रति क्वींटल के हिसाब से एकमुश्त राशि देकर भी खातों में धान बेचना दर्शा दिया जा रहा है कुछ इसी तरह की धान खरीदी गत् 7 जनवरी को पटना क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र छिंदिया में 550 क्वींटल धान की खरीदी होने वाली थी लेकिन जांच में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, हल्का पटवारी पहुंच गए जिससे पूरा सेटिंग बिगड़ गया, अधिकारियों के मुताबिक धान खरीदी केन्द्र छिंदिया में 7 जनवरी को धान बेचने के लिए रामपुर पसला के दो किसानों ने 550 क्वींटल का टोकन कटवाया था लेकिन धान बेचने के लिए धान खरीदी केन्द्र में काफी कम मात्रा में धान लेकर पहुंचे। उसी दिन अधिकारी भी निरिक्षण के लिए पहुंच गए, टोकन के अनुरूप कम मात्रा में धान देख दोनों किसानों से पूछ ताछ की गई व उनके घर जाकर जांच सत्यापन की गई जिसमें उनके घर में धान नहीं मिला, आगे फर्जी तरीके से धान खरीदी केन्द्र में धान न खपाया जा सके इस आधार पर दोनों किसानों से 465 क्वींटल एवं 85 क्वींटल कुल 550 क्वींटल का रकबा समर्पण करा दिया गया।

**राईस मिल से खरीद कर धान खरीदी केन्द्र में बेचा जा रहा धान -**

धान खरीदी केन्द्रों में बिचौलिये पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं, व्यापारियों, कोचियों से खरीदे गए धान के साथ साथ राईस मिलों से भी कम दाम में धान खरीद कर किसानों के खातों में बेचा जा रहा है जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को धान खरीदी केन्द्र पटना में रनई निवासी किसान रामरतन के खाते में बेचने के लिए लाए गए धान से भरी 80 बोरियां, मुरमा के कृषक रंगलाल के खाते में बेचने के लिए लाए गए 75 बोरी धान, शासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में वर्ष 2024-2025 में धान खरीदी के लिए उपलब्ध कराए गए बारदाने में मिली। इसी तरह तेंदुआ निवासी रामसागर की 47 बोरी और दिनेश की 90 बोरी धान बीज निगम के बोरी में भरा हुआ था जिसे तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, रेवेन्यु विभाग के योगेश गुप्ता व उनकी टीम ने जप्त कर लिया। वहीं लगातार समितियों का निरिक्षण करने तहसीलदार पहुंच रहे हैं व किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने आने पर कार्यवाही होगी यह बात धान खरीदी केन्द्र प्रभारीयों समेत किसानों से कही जा रही है।

# सूरजपुर पुलिस व परिवहन विभाग ने की स्कूली बसों की चेकिंग

**सूरजपुर।** स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए *उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्कूली बसों की सुरक्षा इंतजाम को पुख्ता करने के निर्देश दिए है। बुधवार, 15 जनवरी 2025 को स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित लेकर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बस का जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूलों के बच्चों को परिवहन करने वाले 16 बसों का जांच किया गया है। जांच शिविर के दौरान सर्व प्रथम वाहनों का रजिस्ट्रेशन चेक किया गया तत्पश्चात स्कूल बसों के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्टेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया।



शिविर में स्कूली बसों का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर एवं वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगा है कि नहीं चेक किया गया। चेंकिग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हार्न, आपातकालीन खिडकी, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के द्वारा स्कूल बस के चालकों को यातायात संकेत, यातायात सिग्नल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वाहन चालन के दौरान लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने, नियंत्रित गति में सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने एवं किसी भी प्रकार का नशीली पदार्थ का सेवन ना करने हेतु समझाइश दिया गया। इस दौरान आरटीओ निरीक्षक मोहम्मद आबिद खान, एएसआई बृजकिशोर पाण्डेय व उनकी टीम सक्रिय रहे।

ड्राईवरों के ऑखों की गई जांच। स्कूली बस चेकिंग के दौरान उपस्थित 16 स्कूली वाहन चालकों के आंखों की जांच नेत्र चिकित्सक डॉ. विजय राजवाड़े के द्वारा किया गया। कुछ चालकों के पास-दूर देखने की समस्या पर चश्मा लगाने की समझाईश देते हुए दवाई उपलब्ध कराया गया।



## पटना में मूलभूत सुविधाएं देने के लिए कार्यों की बनाई सूची

**पटना।** पटना को साफ-सुथरा बनाने और मूलभूत सुविधाएं देने के लिए कार्य की लिस्ट बनाई गई है। पटना नगर पंचायत बनते ही मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सभी वार्डों में घूम-घूमकर नाली, सड़क, हैंड पंप, आंगनबाड़ी व अन्य बुनियादी सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराने कार्य की रूप रेखा बना रहे हैं। हर वार्डों में जाकर निवासरत लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर समस्या दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

सीएमओ सिकंदर सिदार ने बताया कि जल्द ही छोटी-बड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। अभी मोहल्लों में बंद पड़े हैंड पंपों का सुधार कार्य कराया जा रहा है। साथ ही वाटर वर्क्स की पानी सप्लाई का कार्य दुरुस्त किया जा रहा है। आने वाली गर्मी तक लोगों के घरों में पानी कैसे पहुंचे, इसके लिए अभी से ही योजना बनाई जा रही है, जिससे कि गर्मी के समय लोगों को पानी की किल्लत न हो।

## कल से फिर बदलेगा मौसम...बढ़ेगी ठंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कल (शुक्रवार) से फिर ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, उसके बाद मौसम साफ होते ही रात के तापमान में गिरावट आएगी। बुधवार को सबसे ठंडा बलरामपुर रहा जिसका न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क (ड्राई) रहेगा। 18 जनवरी से पश्चिमी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) बन रहा है। इससे उत्तर भारत से शुष्क और ठंडी हवा प्रदेश में पहुंचेगी जिससे ठंड बढ़ेगी।

रायपुर में रात का तापमान 3 डिग्री ज्यादा आज बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने संभावना है। बुधवार को रायपुर में रात का पारा 16.5 डिग्री रहा जो औसत से 3 डिग्री अधिक था। वहीं दिन का तापमान 29 डिग्री रहा जो नॉर्मल से 1.2 डिग्री अधिक था।

मौसम विज्ञानिकों के मुताबिक समुद्र से आ रही नमी के कारण बादल छाए हुए हैं। इससे रात का तापमान बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के सभी स्थानों पर बादलों के कारण दिन का तापमान भी सामान्य के आसपास रहा। बस्तर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक था।

# करगीडीह मामले में मृतक परिवार से मिले भाजपाई

**अंबिकापुर।** लुण्ड्रा विकासखंड के ग्राम करगीडीह में पिकअप वाहन के चढ़ने से आलम साय की मौत पर आज ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में भाजपाईयों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि यह जान बुझ कर की गई हत्या है जबकि पुलिस द्वारा इसे गैर इरादतन हत्या के रूप में अपराध दर्ज किया गया है। मालूम हो कि बीते 1 जनवरी को ग्राम करगीडीह में बहेराडीह के परवाज खान, मुजाहिर खान, अकरम खान व उनके साथियों ने गांव के आलम साय पर पिकअप वाहन चढ़ा दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने इसे दुर्घटना न मानते हुए जान बुझ कर की गई हत्या करना बताया। पुलिस के गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने के बाद आक्रोशित पीड़ित परिवारजन व ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया को मामले से अवगत कराया व न्याय की गुहार लगाई। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में 50 लोगों का प्रतिनिधि मंडल करगीडीह में मृतक परिवार और ग्रामीणों से मिला व उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए इस मामले की विस्तार से जानकारी ली। भारत सिंह सिसोदिया ने फोन पर एसपी से बात की व ग्रामीणों के आक्रोश और मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पूरे घटनाक्रम की पुन: जांच करने का सुझाव दिया। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधि मंडल में विद्यानंद मिश्रा, डीके पुरिया, विनोद हर्ष, निलेश सिंह, राजेश सिंह, मधुसूदन शुक्ला अंकित जायसवाल व अन्य मौजूद रहे।



## हाथियों ने एक रात में दो गांव के 7 घरों को तोड़ा, नुकसान

**प्रतापपुर।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगभग 40 हाथियों का दल लगातार ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा रहा है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे से सुबह 3 बजे तक हाथियों ने इलाके के चिकनी कदरामापारा और घसीयापारा में जमकर तांडव किया। इन इलाकों में कई घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गए और ग्रामीणों को जान बचाने के लिए अपने घरों से भागना पड़ा। हाथियों ने चिकनी कदरामापारा में अमृत राम, कलम साय, बसंत लाल ठाकुर और कान्हैया लाल ठाकुर के घरों को पूरी तरह से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

वहीं, घसीयापारा में सिया राम घसीया, बाईस राम घसीया और नहकूल राम घसीया के घरों पर कहर बरपाया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का यह दल बेहद आक्रामक और खतरनाक हो गया है। लोग जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हैं। हाथियों ने घर तोड़े जाने से गांवों में दहशत का माहौल है। कोटवार के जरिए मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जा रही है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति में विभाग से तुरंत मदद की जरूरत है, लेकिन उनकी आवाज अनसुनी हो रही है।

## लखमा को हर महीने 2 करोड़ मिला कमीशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा श्वष्ठ की रिमांड में हैं। बुधवार को वे रायपुर के श्वष्ठ दफ्तर पूछताछ के लिए पहुंचे थे। यहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई।

शराब घोटाला केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा श्वष्ठ की रिमांड में हैं। बुधवार को वे रायपुर के श्वष्ठ दफ्तर पूछताछ के लिए पहुंचे थे। यहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। रिमांड मिलने के बाद अब श्वष्ठ के वकील ने दावा किया है कि, कवासी लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे।

इससे पहले अब तक हर महीने लखमा को 50 लाख मिलने की बात सामने आई थी। वकील सौरभ पांडेय ने कहा कि, 2 साल तक कार्रवाई चली जिसमें 36 महीने में प्रोसीड ऑफ क्राइम 72 करोड़ रुपए का है। ये राशि सुकमा में बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगी है।

# मौखिक आदेश देकर अनुमोदन करने से रोका अफसर ने

## भाजपा शासन काल में आदिवासी सरपंच परेशान

**कोरबा।** विकासखंड कोरबा की रजगामार सरपंच रमुला राठिया ने इस बात पर सवाल खड़ा किया है कि क्या प्रदेश कि भाजपा सरकार ने आदिवासी सरपंचों को परेशान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है। कहां गया है कि 29 अगस्त 2024 को जिला पंचायत कोरबा के द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3980 के अंतर्गत इस पंचायत को भुगतान के लिए जनपद पंचायत कोरबा के सीईओ का अनुमोदन जरूरी कर दिया गया लेकिन अब यहां के सीईओ ऐसा करने से मना कर रहे हैं।

सरपंच की ओर से अपनी परेशानी को लेकर कोरबा कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को अवगत कराया गया है। इसमें बताया गया है कि जनपद पंचायत कोरबा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जब स्वीकृत और पूरे हो चुके निर्माण कार्यों के भुगतान के मामले में अनुमोदन के लिए संपर्क किया जाता है तो उनका यही जवाब है कि अनुमोदन करने से ऊपर के अधिकारियों ने मना कर दिया है ,ऐसा उनका मौखिक आदेश है। जबकि पहले ही उच्च अधिकारियों ने अनुमोदन की



जिम्मेदारी जनपद पंचायत के सीईओ को दे रखी है। इस तरह से विरोधाभासी स्थिति के कारण पंचायत को उसके ही कार्यों में भुगतान नहीं होने से उन पार्टी को बकाया चुकता करने में दिक्कत हो रही है जिसे काम कराया गया है अथवा सामग्री ली गई है। अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाली सरपंच रामूला राठिया ने अधिकारी को इस बारे में पत्र भेज कर अवगत कराया है और जानना चाहा है कि इस प्रकार की मनमानी भुगतान के मामले में आखिर क्यों की जा रही है। अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 3 वर्ष पहले कंकरीट रोड, शेड निर्माण, चबूतरा और अन्य विकास कार्य मंजूर करने के बाद कराए गए। सभी प्रकार के औपचारिकताओं के बावजूद अब तक इनका भुगतान नहीं किया गया है। इस मामले की चलते आर्थिक परेशानियां पेश आ रही है और तनाव भी बढ़ रहा है। रमुला ने कहा है कि भुगतान के मामले में जिस तरह से पंचायत की परेशानी बढ़ाई जा रही है उसे उसके साथ-साथ सरकार की नीतियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सरपंच का कहना है कि उसके विरुद्ध पहले भी बोगस मामले की जांच कराई गई और परेशान करने की नीयत से प्राथमिकी तक दर्ज कराई गई। इससे ऊपर जाकर बर्खास्त करने का प्रयास किया गया जिस पर कमिश्नर कोर्ट ने झटका देते हुए कार्रवाई पर रोक लगा दी। सरपंच ने इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री तक विषय की जानकारी दी है और कहां है कि पंचायत में 3 वर्ष पहले पूरे हो चुके हैं निर्माण कार्यों जिनकी रिपोर्ट अधिकारियों को प्राप्त हो चुकी है, इनमें भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जाए जिसे गैर जरूरी तरीके से बाधित किया जा रहा है।

## अंतिम भुगतान करने के बजाय अड़ंगा लगा रहा डीएमएफ का लेखापाल

### अधिकारियों से की गई मामले की शिकायत

**कोरबा।** परियोजना प्रभावित और अन्य क्षेत्रों में जैन आवश्यकता के कार्य कराए जाने के लिए सरकार के द्वारा गठित जिला मिनरल्स फंड कोरबा जिले में भी काम कर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में इसके माध्यम से राशि आवंटित की जानी प्रावधानित है। इधर कोरबा जिले के पौड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के एतमानगर पंचायत के द्वारा आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कराया जाने के बावजूद अंतिम भुगतान करने में आनाकानी की जा रही है। पंचायत के मांग पत्र पर आपत्ति दर्ज करने का काम डीएमएफ का लेखपाल कर रहा है प्रशासन के अधिकारियों से इसकी शिकायत हुई है।

एतमानगर के सरपंच ने कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी को इस विषय पर पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि 3 लाख 20हजार की लागत से पंचायत के द्वारा भवन का निर्माण कराया गया जिसे जिला खनिज न्यास ने स्वीकृत किया था। कार्य के निर्माण होने के बाद इसका मूल्यांकन हो चुका है और संबंधित विभाग के इंजीनियर ने इसकी रिपोर्ट दी है। मेजरमेंट बुक के साथ इस पूरे प्रकरण को संबंधित कार्यालय में जमा किया गया है ताकि भुगतान किया जाए।

अधिकारियों की जानकारी में बताई गई की पूरी दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक तीन बार जिला खनिज न्यास के लेखपाल की ओर से भुगतान के विषय को लेकर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। जिस बिंदु पर उन्हें पहले ही दस्तावेज दिए गए हैं ,वह इसी को लेकर आपत्ति कर रहे हैं कि यह नहीं मिले हैं। ग्राम पंचायत में लेखपाल के इस रवैया को दुर्भावनाबस बताया है। लेखपाल राजेश अग्रवाल की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए हैं कि वह इस प्रकार की हरकत आखिर किस उद्देश्य से कर रहे हैं, अब इसकी जांच होना चाहिए। पंचायत के सरपंच ने कहां है कि अब जबकि ग्राम पंचायत के चुनाव नजदीक है और ऐसे में लोगों के पास और भी काम है तब पंचायत को भुगतान के मामले में अनावश्यक परेशान करना समझ से पड़े हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि आदिवासी क्षेत्र के सरपंच को बेमतलब परेशान करने और भुगतान रोकने को लेकर जिला खनिज न्यास के लेखपाल पर कठोर कार्रवाई करने के साथ उन्हें यहां से हटाया जाना चाहिए।

## सोहागपुर और गेवरा के बीच अंतिम मुकाबला आज

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के तत्वाधान में गेवरा में आयोजित इंटर एरिया हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज दोपहर बाद खेला जाएगा। इसके पश्चात विजेता और उपविजेता टीम के अलावा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। गेवरा क्षेत्र को इस प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। बताया गया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सभी क्षेत्र की टीम इस प्रतियोगिता में शामिल हुई है जिन्होंने अपना बेहतर प्रदर्शन किया । सेमीफाइनल मुकाबला में गेवरा और सुहागपुर की टीम विजय रही है जिनके बीच आज अंतिम मुकाबला खेला जाएगा। कॉल कंपनी ने कर्मचारी कल्याण नीति के अंतर्गत खेलकूद को वार्षिक कार्यक्रम में शामिल किया है और इसी आधार पर अलग-अलग प्रतियोगिताएं इंटर एरिया के साथ कंपनी और कोल इंडिया स्तर पर कराई जा रही है। गेवरा में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट के माध्यम से खेल प्रेमियों को हॉकी से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी मिली है।

## दोपहिया को चपेट में लिया ट्रेलर ने



**कोरबा।** बालको परसाभाटा मुख्य मार्ग पर नवधा चौक के पास आज सुबह एक ट्रेलर ने दोपहिया वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में एक्सल पर सवार युवक बाल-बाल बच गया। लेकिन उसका वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और उन्होंने कुछ समय के लिए चक्काजाम कर दिया। बाद में अधिकारियों के समझाने पर उन्होंने जाम समाप्त किया। लोगों का कहना था कि इस मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती रहती है। अत: वैकल्पिक मार्ग बनाकर इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन रोका जाए।

## कटघोरा और एनटीपीसी में दी गई ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 31 जनवरी तक कोरबा जिले में विभिन्न कार्य संपन्न होने हैं। ट्रैफिक पुलिस की टीम अलग-अलग स्थान पर कैंपेन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने में लगी है कि वह नियम पालन करने के साथ दुर्घटना से बचे।

डीएसपी डीके सिंह के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा माह में अलग-अलग आयाम पर काम किए जा रहे हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस कड़ी में एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय और कटघोरा के गवर्नमेंट बॉयज गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल में कैंप लगाया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। डीएसपी डी के सिंह, सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर, ईश्वर लहरे, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, कांस्टेबल कृष्णा भारद्वाज , संतोष देवांगन रामसूदन की उपस्थिति शिविर में रही। इस मौके पर पुलिस अधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर अपनी



बात रखी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक रूल्स हम सब की सुरक्षा के लिए हैं और इनका पालन करना आवश्यक है। नियम की जानकारी रखना और इन्हें व्यवहार में शामिल करने से बहुत सारी गलतियों को रोका जा सकता है। उन्होंने स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर कार्यक्रम करने को लेकर यह भी कहा कि बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना वर्जित है और नाबालिक को लाइसेंस की पात्रता नहीं होती। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि इस प्रकार का वातावरण तैयार किया जाए जिससे कि विद्यार्थी नियम पालन करने को लेकर अनुशासित रहे और एक श्रेष्ठ नागरिक की भूमिका का निर्वहन करें। दोनों विद्यालय के प्राचार्य ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और एश्योर किया कि एक अच्छी तस्वीर बनाई जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## नाली बंद, अब अवैध कब्जा

### बारिश में जल जमाव से होगी परेशानी

#### नई पार्किंग के नजदीक क्षेत्र के लोग मुसीबत में

**कोरबा।** हसदेव बाई तक नहर पुल से होकर राताखार को जाने वाले रास्ते पर नगर पालिका निगम के द्वारा बनाई जा रही नवीन पार्किंग से भले ही ट्रैफिक की समस्या काम हो सकेगी लेकिन इसके चलते पावर हाउस रोड के एक बड़े हिस्से में रिहायशी क्षेत्र की समस्या बारिश के मौसम में बढ़ाने की पूरी गुंजाइश है। आसपास के लोगों ने इस पर चिंता जताने के साथ जिला प्रशासन और नगर निगम को कहां है वह क्षेत्र की समस्या को पहले दूर करें।

पावर हाउस रोड के निवासियों ने बताया कि काफी समय से ही पीछे के हिस्से में समस्याएं बनी हुई थी। लगातार प्रयास करने के साथ तो बने अपने खर्चे से कुछ हद तक प्रयास किया। लेकिन अब अलग-अलग कारण से मुसीबत बढ़ती जा रही है। बताया गया कि गंदे पानी की निकासी के लिए पहले जो रास्ता सीधे नहर की तरफ निकाला गया था उसे बंद कर दिया गया है। दूसरी और अब इसी क्षेत्र में अवैध कब्जा का काम भी जोर-जोर से शुरू कर दिया गया है। कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए इस प्रकार की हरकत कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि ऐसे लोग या तो राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं या फिर उन्हें दल के नेताओं का समर्थन मिला हुआ है। इस प्रकार की हरकत में शामिल लोगों को इस इलाके में निवासरत बड़ी आबादी की कोई चिंता नहीं है। बताया गया कि इसी क्षेत्र में राताखार मार्ग के किनारे कारपोरेशन के द्वारा नवीन पार्किंग तैयार कराई जा रही है। उपरोक्त सभी स्थिति में बारिश के दौरान गंदे पानी के साथ-साथ बारिश का पानी कहीं से भी निकल नहीं सकेगा और यह रिहायशी क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति को उत्पन्न करेगा। ऐसे में व्यापक स्तर पर मुसीबत खड़ी होगी और लोगों को अपने काम छोड़कर समस्या के निपटारे में ध्यान देना होगा।

## लायनों ने किया खिचड़ी वितरण

**कोरबा।** कोरबा अंचल में लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के संस्थापक, जनक, प्रणेता लायन मेल्विन जोन्स के जन्मदिवस के अवसर पर लायंस क्लब कोरबा के सदस्यों द्वारा लायंस चौक कोरबा में क्लब अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े के आतिथ्य में मेल्विन जोन्स की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। तद्पश्चात रीजन चेयरमेन लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) एवं लायन आकाश अग्रवाल के सौजन्य से खिचड़ी वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े, रविशंकर सिंह, राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एस.के. अग्रवाल, सत्येन्द्र वासन, नंदकिशोर अग्रवाल, दीपक माखीजा, आनंद प्रसाद जायसवाल, कांता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रमेश शर्मा, भगवती गोयनका, मनमोहन यादव आदि ने सहयोग किया।

## गेरांव के जंगल में लगातार दूसरे दिन डेरा डाला 25 हाथियों के झुंड ने

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के गेरांव जंगल में 25 हाथियों के झुंड ने डेरा डाल दिया है। हाथियों का दल मंगलवार की रात को कुदमुरा वनपरिक्षेत्र से चचिया के रास्ते यहां पहुंचा था। बुधवार को दिन भर गेरांव के जंगल में विश्राम करने के बाद रात को जंगल ही जंगल विचरण करता रहा। सुबह होने से पहले हाथियों का दल एक स्थान पर पहुंचकर डेरा डाल दिया। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी इस दौरान करती रही। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। वन विभाग की टीम गेरांव एवं आसपास के गांवों में लगातार मुनादी कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं अत: जंगल तथा हाथियों से दूरी बनाए रखें। किसी भी स्थिति में हाथियों को देखने तथा जंगल जाने की चेष्टा न करें।

## प्रभावी उन्मूलन की जरूरत है वायु प्रदूषण पर : सोनी



**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा और उप नगरी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या लगातार विकराल हो रही है। इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। समस्या पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने के साथ उचित क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने प्रदेश सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया है और उचित समाधान निकालने की मांग की है। उन्होंने कहा है थर्मल पावर प्लांट और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की माइंस से संबंधित गतिविधियां जिले में वायु प्रदूषण को विस्तार देने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात जरूर है कि औद्योगीकरण के कारण विकास को बढ़ावा मिला है लेकिन पूरी प्रक्रिया में बिजली घर और कोयला खदानों निकलने वाले दूषित तत्वों के कारण स्वास्थ्य के क्षेत्र में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही है। काफी समय से यह समस्या कायम है और इसका लगातार विस्तार हो रहा है।

सोनी ने कहा है कि बार-बार अनेक माध्यम से यह विषय सरकार के ध्यान में आ रहा है इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा है कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए जिस प्रकार से सरकार काम कर रही है ,,उसे इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि स्वास्थ्य के मामले में किस प्रकार की चुनौतियां कोरबा जिले में है और इन्हें कैसे ठीक किया जाना चाहिए।

## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने कोरबा की टीम रवाना

**कोरबा।** 17 से 19 जनवरी तक मुंबई अंधेरी पश्चिम में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में भाग लेने जिले के खिलाड़ी रवाना हो गए हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 55 खिलाड़ी सहित पूरे देश के लगभग 2500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें कोरबा जिले से लेबलअप मिक्स मार्शल आर्ट्स अकादमी से कोच प्रेमराज बंजारे के मार्गदर्शन में अक्षत पांडे, जॉनसन एक्का, अरनव यादव, एकता पटेल, भूमिका जगत, युवराज गोसाई, जैसमिन कुर्रे, दीक्षा सिन्हा, अभिनीत मसीह शामिल होंगे।

## बालको में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी, मकर संक्रांति व मंगल पूजा

**कोरबा।** विविधता, एकता और परंपरा का जश्न मनाने की अपनी यात्रा में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रत्येक राज्य की सभी संस्कृतियों एवं परंपरा को एक मंच पर लाकर इस क्षेत्र को मिनी इंडिया बना दिया। यहां विभिन्न धर्म एवं समुदाय के लोग साथ रहते हैं जो अलग-अलग त्योहार मनाते हैं। टाउनशिप एवं समुदाय में लोहड़ी, मकर संक्रांति और मंडला पूजा उत्साह के साथ मनाई गई।

बालको जीईटी हॉस्टल में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विधिपूर्वक पूजा एवं अनुष्ठान के बाद लोहड़ी प्रज्वलित किया। इस मौके पर लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर अंबेडकर स्टेडियम में पतंग स्पर्धा



आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालको कर्मचारियों, उनके परिजन, बच्चों एवं समुदाय के लोगों ने शिरकत की। कंपनी के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने बालको परिवार को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न पंतगबाजी के 5 श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए। कंपनी ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाएं पंतगबाजी, स्पून लेमन एवं बैलून रेस तथा जलेबी खाने की प्रतियोगिता में शामिल हुई। सभी महिलाओं के बीच छत्तीसा के बने तिल एवं लाई के लड्डू बांटे गए।

बालकोनगर अय्यप्पा सेवा संघम ने मंडला पूजा एवं मकर संक्रांति पर बालकोनगर अय्यप्पा मंदिर में अनेक अनुष्ठान आयोजित किए। मंडला पूजा 26 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 14 जनवरी 2025 को धूमधाम से संपन्न हुआ। बालको के वरिष्ठ अधिकारियों ने भगवान अय्यप्पा की पूजा-अर्चना कर बालको परिवार की खुशहाली और चहुंमुखी प्रगति का आशीर्वाद मांगा। अय्यप्पा मंदिर में मकरा विलक्कू पूजा की शुरूआत सुबह साढ़े पांच बजे से हुई। निर्माल्य दर्शन, गणपति हवन, अभिषेकम और उषा पूजा के अलावा नागराजा के लिए नूरूम पालुम अनुष्ठान हुआ। दोपहर को मध्याह्न पूजा आयोजित हुई। शाम को भगवान अय्यप्पा की दीप यात्रा आयोजित हुई जिसकी शुरूआत बालकोनगर के सेक्टर-पांच स्थित सिद्धेश्वर श्री हनुमान मंदिर से हुई। अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों और बालकोनगरवासियों ने पारंपरिक मोर एवं कर्मा नाच, मुथुकुड्डा, निरापरा, थिवेट्टी और कुथुविलक्कू आदि अनुष्ठानों में भागीदारी कर पुण्यलाभ कमाया।

हाथों में थालाप्पोली लिए महिलाओं और किशोरी बालिकाओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। रथ यात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अय्यप्पा मंदिर पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पट खोले गए। स्वामी अय्यप्पा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मकरा विलक्कू पर अय्यप्पा मंदिर परिसर में आतिशबाजी हुई। बड़ी संख्या में बालकोनगरवासियों ने आतिशबाजी का आनंद उठाया। अनुष्ठानों के बाद अय्यप्पा सेवा संघम की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बालको ने धार्मिक स्थलों की समृद्ध विरासत को संरक्षित किया है जो दशकों से टाउनशिप का अभिन्न अंग हैं। राम मंदिर से लेकर सेंट विंसेंट पल्लोटी चर्च, गोसिया मस्जिद और गुरुद्वारा ये सभी पूजा स्थल आस्था के प्रतीक हैं। समुदाय के साथ ही कंपनी के प्रयास से विभिन्न धर्मों के कर्मचारी, निवासी और उनके परिवार के लोग एकजुट होते हैं। ये सभी धार्मिक स्थल विभिन्न संस्कृति एवं धर्मों के सम्मान के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बालको ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा दिया। जहां सभी परंपराओं का जश्न साथ मिलकर मनाया जाता है। कंपनी ने सामुदायिक भलाई के साथ ही अपनी आद्यौगिक यात्रा का भी अनूठा उदाहरण पेश किया।

## सतरेंगा में वनभोज का किया आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रगतिशील जायसवाल कन्नौजिया कलार समाज ने सतरेंगा में वसुंधरा वंदन-वनभोज का आयोजन किया। इसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। शामिल सभी सदस्यों के लिए बौधिक स्तर के गतिविधियों और खेल का आयोजन किया गया। संरक्षक शरद कौशिक की माता रुखमणि देवी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मेडिकल कॉलेज के प्रथम देहदानी प्रदीप महतो को उनके इस नेक कार्य के लिए स्मरण करते हुए मरणोपरांत कलार गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके पुत्र महेंद्र महतो व पुत्रवधु प्रीति महतो को उनके द्वारा भी देहदान के लिए किए गए संकल्प के लिये सम्मानित किया गया।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com